वर्ष- 21 अंक - 264 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, बुधवार 11 मार्च 2026

# महाजंग... ईरान के 16 जहाज तबाह...
## होर्मुज के पास अमेरिका ने दागे गोले

बुधवार ● एजेंसी

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग अब महाजंग का रूप ले रही है। अमेरिका ने दावा किया है कि उसने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के 16 माइन बिछाने वाले जहाजों को नष्ट किया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि वह क्षेत्र से होने वाले तेल निर्यात को रोक देगा और अपने दुश्मनों तक एक लीटर तेल भी नहीं पहुंचने देगा।

उल्लेखनीय है कि होर्मुज जलमार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है, जहां से दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल की सप्लाई गुजरती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि अभी तक ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं है कि ईरान ने इस जलमार्ग में विस्फोटक बिछाए हैं। अमेरिकी सेना ने इन जहाजों को नष्ट करने के दावे के साथ कुछ वीडियो भी जारी किए हैं, जिन्हें सार्वजनिक किया गया है। यह कदम उस समय उठाया गया जब ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने इस जलमार्ग में बिछाए गए किसी भी माइन को तुरंत नहीं हटाया, तो अमेरिका ऐसा हमला करेगा जैसा पहले कभी नहीं देखा गया।



### बातचीत से इनकार

इस युद्ध का असर पूरे मिडिल ईस्ट और अन्य क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। ईरान के नेताओं ने साफ कर दिया है कि वे किसी भी तरह की बातचीत के लिए तैयार नहीं हैं। साथ ही उन्होंने ट्रंप के खिलाफ धमकी भरे बयान भी दिए हैं। इसके अलावा ईरान ने इजरायल और खाड़ी के अरब देशों के खिलाफ नए हमले भी शुरू कर दिए हैं।

## रिलायंस को ट्रंप ने कहा थैंक्यू अमेरिका में खुलेगी ऑयल रिफाइनरी

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ब्राउन्सविले के बंदरगाह पर एक नई रिफाइनरी का ऐलान किया है। इसमें निवेश के लिए उन्होंने भारत और रिलायंस को थैंक्यू कहा है। ट्रंप ने दावा किया है कि इससे अमेरिकी बाजारों को ताकत मिलेगी और राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत होगी। अमेरिका में एनर्जी प्रोडक्शन को बढ़ावा मिलेगा। इसे दुनिया की सबसे साफ रिफाइनरी बनाया जाएगा। मिडिल ईस्ट में चल रही जंग के बीच हुए इस ऐलान को अमेरिकी इतिहास की बड़ी डील माना जा रहा है। 300 अरब डॉलर की यह डील है।

## ईरान में ब्लैक रैन से स्वास्थ्य को खतरा

**तेहरान.एजेंसी।** जंग के बीच ईरान की राजधानी तेहरान में ऑयल की बारिश हो रही है। ईरान में हो रहे ब्लैक रैन को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि इस बारिश की चपेट में आने वाले त्वचा और श्वांस की गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। दरअसल जब ईरान के तेल डिपो जल रहे हैं तो उससे निकला धुआं आसमान में अटक गया है। इसके बाद यहां हो रही बारिश कच्चे तेल की तरह चिपचिपी, गाढ़ी और बदबूदार हो गई है।

न्यूज़ ब्रीफ...



## उप्र में सरकारी नौकरी के नियम में बदलाव

**लखनऊ.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश की योगी सरकार ने कैबिनेट बैठक में सरकारी कर्मचारियों के लिए आचरण नियमावली में अहम बदलाव को मंजूरी दी है। अब कर्मचारियों को बड़े निवेश, चल संपत्ति की खरीद और अचल संपत्ति की जानकारी हर साल देनी होगी।

## नाबालिग प्रेमी को लेकर भागी प्रेमिका पर अपहरण का केस

**सूरत.एजेंसी।** इंस्टाग्राम पर 21 वर्षीय युवती और 17 वर्षीय नाबालिग युवक के बीच लव स्टोरी का अजीब मामला सामने आया है। मध्यप्रदेश निवासी युवती और राजकोट के युवक को सूरत रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने शक के आधार पर पूछताछ कर पकड़ा। नाबालिग के परिजनों ने युवती पर अपहरण का केस दर्ज करवाया है।

## वसुंधरा की मोदी से मुलाकात चर्चा में

**बुधवार.एजेंसी।** बीते दिनों राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री एवं बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे की पीएम नरेंद्र मोदी से सपरिवार मुलाकात सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। वसुंधरा की नई पारी को लेकर चर्चा हो रही है।

## हरे निशान पर लौटे सेंसेक्स-निफ्टी

**मुंबई.एजेंसी।** शेयर बाजार की आज सपाट शुरुआत हुई है। लाल निशान पर पहले बाजार खुला जिसके बाद हरे निशान पर लौट आया है। कल सेंसेक्स और निफ्टी कुछ अंकों के उछाल के साथ बंद हुए थे।

# भारत का प्लान बी- दूसरे देशों से आ रही एलपीजी की खेप

नई दिल्ली ● एजेंसी

मिडिल ईस्ट में जंग के चलते भारत में एलपीजी संकट से निपटने के लिए सरकार ने अपना प्लान बी लागू कर दिया है, जिसमें घरेलू डिमांड को पूरा करने के लिए अन्य देशों से अतिरिक्त स्टॉक बुलवाया गया है। दुनियाभर में मिडिल ईस्ट युद्ध के चलते तेल-गैस पर असर दिख रहा है। भारत सरकार इसके चलते एक्शन मोड में हैं। सूत्रों के मुताबिक भारत में अल्जीरिया, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा समेत अन्य देशों से एलएनजी, एलपीजी की अतिरिक्ति खेपें भारत आने लगी हैं।




## इंडक्शन की बिक्री बढ़ी

**एलपीजी संकट के बीच अब देशभर में इंडक्शन स्टोव्ह की बिक्री बढ़ गई है। ऑनलाइन भी इंडक्शन स्टोव्ह की खरीदी हो रही है जिसके कारण कई प्लेटफॉर्म पर आउट ऑफ स्टॉक बताया जा रहा है। इधर इंडक्शन बनाने वाली कुछ कंपनियों के शेयरों में भी उछाल आ गया है।**

## रामरसोई पर ताला

**अयोध्या.एजेंसी।** अयोध्या में एलपीजी संकट की आंच रामरसोई तक पहुंच गई है। इसे अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। वहीं हनुमानगढ़ी के लड्डू प्रसाद का उत्पादन भी ठप होने की कगार पर है। इसके अलावा कई रेस्टॉरेंट और होटल भी एलपीजी संकट की चपेट में आने से बंद हो गए हैं।

## 8 करोड़ की अफीम की खेती... अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**दुर्ग.एजेंसी।** दुर्ग जिले के समोदा गांव में अफीम की खेती के मामले में गिरफ्तार भाजपा नेता के भाई की दुकान पर प्रशासन ने बुलडोजर चलाया। अधिकारियों ने सरकारी जमीन पर बने अवैध निर्माण को तुड़वाया। नारकोटिक्स से जुड़ी एजेंसियों ने बीते दिनों एक खेत पर छापा मारा था जहां मक्के की खेती के बीच अफीम के पौधे लगाए थे, जिसकी कीमत 8 करोड़ रुपए बताई गई।

## राजस्थान में 40 डिग्री पार, उप्र में धुंध

**बुधवार.एजेंसी।** मार्च में ही राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार, हरियाणा समेत कई राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। राजस्थान के बाडमेर में तापमान 40 डिग्री से अधिक तापमान दर्ज किया गया। वहीं मध्यप्रदेश में 39 डिग्री तापमान बताया गया। इधर लखनऊ, कानपुर समेत कुछ शहरों में आज धुंध छाई रही जिसके कारण 7 वाहनों की टक्कर हुई है जिसमें 4 लोगों की मौत भी हो गई।

# दिवंगत फौजी की बेटी की शादी में बटालियन ने किया कन्यादान



**बागपत.एजेंसी।** विदाई का क्षण वैसे ही भावुक होता है, लेकिन यह तब और भावुक बन जाता है जब पिता के शहीद होने के बाद पूरी बटालियन ने पिता का फर्ज निभाया और कन्यादान किया। वर्दी में पहुंचे जवानों ने कन्यादान की रस्म निभाई। बागपत जनपद के कांठा गांव में दिवंगत हवलदार हरेंद्रसिंह की बेटी प्राची की शादी हुई। इस शादी में पूरी बटालियन पहुंची। उन्हें देख हर मेहमान हैरान रह गया। फौजियों ने ही घराती और बारातियों की सेवा की एवं हर रस्म में शामिल भी हुए। प्राची के कन्यादान में 6 लाख से अधिक की राशि भी दी।



## पैसे की कमी के नाम पर सभी वार्डों के छोटे-छोटे काम रोके

# निगम द्वारा सारे शहर के साथ सौतेला व्यवहार-कांग्रेस

## पूरे खजाने का मुंह महापौर ने मंत्री की विधानसभा के लिए खोला -चौकसे

### केवल तीन वार्ड के लिए जारी किए 5 करोड़ के टेंडर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि इंदौर नगर निगम के द्वारा महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में पूरे शहर के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। एक तरफ तो नगर निगम अपनी आर्थिक तंगी के नाम पर शहर के वार्डों में छोटे-छोटे विकास के काम भी नहीं होने दे रहा है। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री की चापलूसी करने के लिए महापौर के द्वारा निगम के खजाने का मुंह खोल दिया गया है। मंत्री के विधानसभा क्षेत्र के तीन वार्ड के लिए ही 5 करोड रुपए के टेंडर जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही मंत्री के क्षेत्र के लिए 100 करोड रुपए के टेंडर और जारी करने की तैयारी की जा रही है।**

चौकसे ने आज यहां इस पूरे मामले में कहा कि नगर निगम शहर में नागरिकों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए छोटे-छोटे काम भी नहीं कर रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के नेतृत्व में इंदौर नगर निगम की आर्थिक स्थिति पूरी तरह से दिवालिया की हो गई है। निगम की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए ही महापौर के द्वारा पार्षदों को विकास कार्य के लिए भी इंकार किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा शहर में जो विकास के कार्य कराए जा चुके हैं उसका भुगतान भी ठेकेदारों को नहीं किया जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप नगर निगम के द्वारा निकाले जाने वाले टेंडर में ठेकेदारों ने भाग लेना बंद कर दिया है। अब बहुत सारे विकास कार्यों के लिए तो नगर निगम को 5 से लेकर 10 बार तक टेंडर जारी करना पड़ रहे हैं लेकिन कोई परिणाम नहीं निकल रहा है। चौकसे ने कहा कि नगर निगम के द्वारा इस खराब आर्थिक स्थिति के बीच में अब महापौर पुष्यमित्र भार्गव की पहल पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्वाचन क्षेत्र को उपकृत करने का अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत निगम के द्वारा अब वार्ड क्रमांक 12, 15 और 17 में विभिन्न विकास कार्यों को अंजाम देने के लिए 5 करोड रुपए के टेंडर जारी किए गए हैं। इसके साथ ही नगर निगम के द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक एक के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य को अंजाम देने के लिए 100 करोड रुपए के टेंडर जारी करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

**अब क्षेत्र क्रमांक 1 के लिए 100 करोड़ के टेंडर और जारी करने की तैयारी**

चौकसे ने कहा कि अब बचे हुए काम के टैंडर जारी करने के लिए फाइल तैयार करने का काम तेज गति के साथ किया जा रहा है। महापौर के नेतृत्व में नगर निगम द्वारा सारे शहर के साथ अन्याय करते हुए किसी भी वार्ड अथवा विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्य को करने में रुचि का प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है। सारे शहर के अधिकार पर डाका डालकर अपने राजनीतिक आका को खुश करने के महापौर के प्रयास का इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी विरोध करती है। हमारा कहना साफ है कि शहर के सभी क्षेत्रों में विकास की आवश्यकता की पूर्ति के लिए नगर निगम के द्वारा धनराशि का आवंटन किया जाएं। महापौर के द्वारा अपने राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए निगम के संसाधनों को न्योछावर करना बंद किया जाएं। इस बारे में कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही इंदौर नगर निगम के आयुक्त क्षितिज सिंघल से मुलाकात करेगा।

# नामचीन कम्पनियां आवंटन आधार पर कर रही है सम्पत्ति बेचने का करार

### कांग्रेस नेता ने उठाया स्टाम्प ड्यूटी चोरी का मुद्दा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने आरोप लगाया कि बड़ी-बड़ी नामचीन कंपनियों के द्वारा आवंटन आधार पर संपत्ति बेचने का करार करके स्टाम्प ड्यूटी चोरी की जा रही है तथा आवंटन आधार पर ही संपति आगे बेची जा रही है फलस्वरूप राजस्व हानि तो हो रही है और कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। हालत यह है कि बैंकों व्दारा भी आवंटन आधार पर लोन स्वीकृत किए जा रहे हैं। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि जब मप्र सरकार द्वारा 2013 से कानून बनाया गया है कि एग्रीमेंट रजिस्ट्रेशन किया जाना अनिवार्य है। एग्रीमेंट में जमा पंजीयन फीस का समायोजन रजिस्ट्री समय होता है तो सवाल फिर बड़ी बड़ी नामचीन कंपनियों पर पंजीयन विभाग के अधिकारियों की दरियादिली क्यों, अभी तक जिला प्रशासन द्वारा भी इनपर कार्यवाही क्यों नहीं की गई। द्विवेदी ने आरोप लगाया कि बड़ी बड़ी नामचीन कंपनियों को रियायत क्यों दी जाती है, किसके इशारे पर दी जा रही है। आम आदमी या स्थानीय कालोनाइजरों व्दारा अगर डायरी पर अस्थाई लेन देन किया जाये तो कार्यवाही की जाती है। स्टाम्प ड्यूटी चोरी का आरोप लगाया जाता है। अधिकारियों व्दारा बैंकों आदि जगहों पर छापामारी करते हैं, स्टाम्प ड्यूटी चोरी प्रकरण दर्ज किया जाता है, बैंक भी रजिस्टर्ड एग्रीमेंट मांगती है, तो सवाल इन कंपनियों को छूट क्यों।

गौरतलब रहे कि मप्र में 2013 से अनुबंध लेख का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है और यह 1000 रुपये के स्टाम्प पेपर पर होता रहा। सरकार ने अब स्टाम्प ड्यूटी 1000से बढ़ाकर 5000 की है, रजिस्ट्रेशन फीस पहले की तरह है। इस तरह करोड़ों रुपए के राजस्व की चोरी बड़ी बड़ी नामचीन कंपनियों व्दारा सीधे-सीधे की जा रही है।





### मुख्यमंत्री ने ली उपचार की जानकारी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** उज्जैन के दो लोग राजेन्द्र भाटिया और वीरेन्द्र आंजना झुलस गए थे और उन्हें उपचार के लिए माणिकबाग रोड स्थित चोइथराम अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल चोइथराम अस्पताल पहुंचकर दोनों घायलों का कुशलक्षेम जाना और घायलों से मुलाकात भी की। चिकित्सकों से चर्चा कर उपचार की जानकारी लेने के साथ, अच्छे उपचार के लिए भी कहा।

### मुख्यमंत्री को दिया चेटीचंड उत्सव का निमंत्रण



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुख्यमंत्री के कल इंदौर आगमन के दौरान चेटीचंड उत्सव समिति ने पदाधिकारी और सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की और 20 मार्च को निकलने वाली शोभायात्रा का निमंत्रण देकर यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया।

### भाजपा नेता ने शुरू करवाया इंडेक्शन और ई-बाइक का उपयोग शुरू





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अमेरिका और इजराइल मिलकर ईरान पर हमला कर रहे हैं। ईरान भी बीच-बीच में अटैक कर रहा है। इसी के चलते रसोई गैस के वितरण में कुछ दिनों से गहमागहमी चल रही है, लोग गफलत में हैं। इसी के चलते भाजपा नेता सुनील पुरोहित ने बयान जारी कर कहा कि वे रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल संकट के चलते अपने रसोई घर में अब इंडेक्शन और वाहन में ई-बैटरी वाले वाहनों का उपयोग करें, जिसका उपयोग भी शुरू कर दिया गया है।

# अग्रवाल बंधु के सेवाकार्य में पहुंचे जनप्रतिनिधि

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नीनादेवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में चलाए जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण अभियान के अंतर्गत स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1140 समाज बंधुओं ने शामिल होकर अपनी विभिन्न 32 प्रकार की जांचे कराई। शिविर के समापन में सांसद शंकर लालवानी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं पार्षद मृदुल अग्रवाल अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विनोद अग्रवाल के मार्गदर्शन में



शिविर दो दिनों तक आयोजित किया गया। 20 चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ ने सेवाएं दी। किशोर गोयल, शीतल संजय तोड़ीवाला, संजय बांकड़ा, महेश मित्तल, पीडी अग्रवाल, सौरभ गोयल बालाजी, राजेश रामबाबू अग्रवाल, निर्मला जिंदल, शशि एरन, पिंकी रवि अग्रवाल, उमेश मंगल, प्रकाश मामा, सचिन अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अशोक बूबना, प्रतीक गुप्ता, नितेश अग्रवाल, राजू नेत्रम, बबलू मित्तल सहित अन्य मौजूद थे।



### व्यासपीठ का किया पूजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गोवर्धन गोशाला, गोमटगिरि में कमल किशोर नागर के श्रीमुख से हो रही कथा श्रवण कर व्यासपीठ का पूजन पूर्व विधायक संजय शुक्ला, कांग्रेस नेता आनंद गर्ग और दिनेश बंसल ने किया।

## शहर में आज कई शादियों के आयोजन....

# केटरर्स और शादी वाले परिवार टंकियों के लिए चिंतित

### कई लोग करवा रहे स्टॉल कम, हलवाई से खाना बनवाने वाले हो रहे है ज्यादा परेशान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शादियों का सीजन चल रहा है। मार्च माह में शादियों का बड़ा मुहूर्त है। शहर में आज शादियों के सैकडों आयोजन हो रहे है। इन आयोजनों में सबसे बड़ी समस्या गैस टंकियों को लेकर हो गई है। कैटरर्स और शादी वाले परिवार टंकियों को लेकर परेशान हो रहे है और एजेंसियों पर स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा है।**

जिन परिवारों ने कैटरर्स को फुल कैटरिंग के रूप में ठेका दिया था, उन परिवारों में चिंता इसलिए कम है क्योंकि कैटरर्स जैसे-तैसे टंकियों की जुगत कर रहे है। वहीं दूसरी ओर जिन परिवारों ने राशन सामग्री एवं अन्य व्यवस्था करके हलवाई से खाना बनवा रहे है उन्हें ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वे लोग अंतिम समय में हलवाई और सर्विस कैटरर्स पर टंकी के लिए दबाव बना रहे है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने तो गैस संकट के चलते शादियों में स्टॉल कम कर दिए है। कुल मिलाकर फिलहाल 15 मार्च तक शादियों के मुहूर्त बताए जा रहे है। ऐसे में गैस को लेकर चिंताएं बढ़ी हुई है।

## गैस एजेन्सियों पर कतार, नहीं हो रही बुकिंग



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। मीडिल ईस्ट में चल रही जंग का असर अब भारत के बडे देशों में नजर आ रहा है, खासतौर पर एलपीजी सिलेंडर को लेकर संकट गहराता नजर आ रहा है। एक ओर जहां प्रशासन आपूर्ति की व्यवस्थाओं को चाकचौबंद करने में लगा हुआ है वहीं दूसरी ओर गैस एजेंसियों पर लोग परेशान हो रहे है। टंकी के लिए मोबाइल नम्बर से बुकिंग भी नहीं हो रही है।

सुबह से गैस एजेंसियों के आफिस के बाहर आम नागरिकों की कतार नजर आ रही है। कुछ लोग आगामी दिनों की व्यवस्था होने के बावजूद पैनिक कर रहे है जिसके चलते परेशानियां ज्यादा बढ़ गई है। इसी दबाव में जरूरतमंद लोग परेशान हो रहे है। दूसरी ओर कमर्शियल टंकियां मिलना मुश्किल हो गया है, जिसके कारण घरेलू गैस का उपयोग बढ़ने की आशंका है। एजेंसियों के बाहर खड़े लोगों का कहना है कि जब वे घर से मोबाइल नम्बर के माध्यम से बुकिंग कर रहे है तो बुकिंग नहीं हो रही है, किसी एजेंसी के नम्बर पर काल डिस्कनेक्ट हो रहा है तो किसी एजेन्सी का नम्बर ही वैध नहीं बताया रहा है। इधर शहर के बर्तन बाजार, जेलरोड सहित अन्य दुकानों पर जहां इंडक्शन स्टोव्ह मिलता है वहां भी लोगों द्वारा पूछपरख बढ़ गई है।

## मलेरिया और स्वास्थ्य विभाग ने किया सम्मान



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। महारानी रोड कॉलेज पर मलेरिया और स्वास्थ्य विभाग ने सेवाकार्य साथ में करने वाले एनसीसी कैडेट, प्राचार्य व एनसीसी अधिकारी को अधिकारी वीपी चौधरी ने सम्मानित किया।

## गर्मी में वकीलों को पैरवी के दौरान मिले काले कोट की छूट

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व-अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद, जबलपुर के अध्यक्ष और सचिव को पत्र लिखाकर आग्रह किया है कि अभिभाषकों को न्यायालय में गर्मी के दौरान पैरवी में काला कोट नहीं पहनने की छूट दी जाए। कचोलिया ने बताया कि ग्रीष्मकाल में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर अभिभाषकों को 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक तीन माह तक बिना काला-कोट पहने मध्यप्रदेश की जिला-न्यायपालिका में (जिला व सत्र न्यायालयों और उनके अधीनस्थ-न्यायालयों में ) पैरवी करने की छूट प्रदान करती रही है। अभी तेज गर्मी शुरू हो चुकी है इसलिए 1 अप्रैल से सम्पूर्ण ग्रीष्मकाल में अधिवक्ताओं को बिना काला कोट पहने पैरवी करने की छूट देने की मांग कचोलिया ने की है।

## मुख्यमंत्री ने कहा आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में आपूर्ति व्यवस्था में कहीं किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति संसाधन उपलब्ध हैं। किसी को भी खाद्य पदार्थ, गैस या तेल आपूर्ति के लिए परेशान या पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रदेश में बेहतर से बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार परिस्थितियों पर गहनता से नजर बनाए हुए हैं। केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में देश के साथ मध्यप्रदेश में भी कहीं कोई आपूर्ति संबंधित दिक्कत नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में खाड़ी देशों में उपजी विषम परिस्थितियों के मद्देनजर मध्यप्रदेश में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व और देश के समक्ष उपजी परिस्थितियों और संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए मध्यप्रदेश में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तीन सदस्यीय मंत्री और अधिकारियों की समिति प्रदेश की आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी करेगी और आपूर्ति बहाल रखने के लिए सभी कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खाड़ी देशों में रह रहे या वर्क वीजा पर गए या पर्यटन के लिए गए भारतीय नागरिकों, विशेषकर मध्यप्रदेश के निवासियों की स्वदेश वापसी के लिए मध्यप्रदेश सरकार लगातार केंद्र सरकार के सम्पर्क में है। राज्य सरकार से हेल्पलाइन के जरिए अब तक 255 लोगों ने संपर्क किया है, जिनकी सकुशल स्वदेश वापसी के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

# अब निगम जमीन बेचेगा और पार्किंग को देगा ठेके पर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम के द्वारा अब अपनी माली हालत को सुधारने के लिए सरकारी जमीन को बेचा जाएगा इसके साथ ही निगम अलग-अलग स्थान पर बनाए गए बहु मंजिला पार्किंग को संचालन संधारण के लिए ठेके पर भी देगा।

नगर निगम की महापौर परिषद की कल होने जा रही बैठक में निगम की अलग-अलग स्थान की जमीन को बेचने का प्रस्ताव मंजूरी के लिए रखा गया है। चार अलग-अलग प्रस्ताव के माध्यम से चार स्थानों की जमीन को बेचने की पहल की जा रही है। इसके लिए जारी किए गए एजेंडा में यह जानकारी दी गई है कि पिपलिया हाना, सिरपुर, फूटी कोठी की जमीन को निगम के द्वारा बेचा जाएगा। इस जमीन को बेचने से निगम को करोड़ों रुपए की आय हो सकेगी। इसके साथ ही नगर निगम के द्वारा सरवटे बस स्टैंड महाराजा काम्पलेक्स और सत्य साइ पर बनाए गए बहुमंजिला पार्किंग को 5 साल के लिए संचालन स्मरण के मकसद से ठेके पर दिया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम के द्वारा टेंडर बुला लिए गए हैं। यह टेंडर कल होने वाली महापौर परिषद की बैठक में मंजूरी के लिए रखे जा रहे हैं। नगर निगम के द्वारा यह दोनों बड़े कदम उठाते हुए अच्छी कमाई करने की कोशिश की जा रही है। यह तो सभी को मालूम है कि नगर निगम की स्थिति बहुत खराब है। निगम को पैसे की बहुत ज्यादा जरूरत है। नगर निगम में अभी संपत्ति कर सहित अन्य करों का संग्रहण भी बराबर नहीं हो पा रहा है। ऐसे में अब निगम इन तरीकों से पैसा कमाने की कोशिश कर रहा है।

## बिजली कार्मिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विद्युत कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए कैशलेस बीमा योजना लागू की गई है। कम प्रिमियम पर अधिक चिकित्सकीय व्यय लाभ दिलाने वाली यह योजना बिजली कार्मिकों के लिए कवच के रूप में काम आएगी। इस योजना के बिजली कंपनी एवं मेडसेव हेल्थ इंश्योरेंस के बीच दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया की गई। कैशलेस हेल्थ बीमा योजना से कार्मिकों के परिवार का पांच सौ रूपए माह की प्रिमियम पर 5 लाख का, एक हजार मासिक प्रिमियम पर दस लाख का, दो हजार मासिक प्रिमियम पर 25 लाख का कैशलेस हेल्थ इंश्योरेंस कवर रहेगा। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनर भी सपरिवार इस योजना का चुनिंदा शर्तों के अधीन लाभ ले सकेंगे।

# पटवारी जिला ब्लॉक सम्मलेन में मौजूद...

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का ध्यान अपने गृह क्षेत्र इन्दौर शहर और जिला पर भी लगा हुआ है। पटवारी जिले के ब्लाक स्तरीय पंचायत समिति कार्यकर्ता सम्मेलन का तीन दिवसीय दौरा करेंगे। पटवारी महू विधानसभा के सिमरोल ब्लाक के चोरल में 12 मार्च की सुबह 11 बजे, महू ब्लाक के मोहन टाकीज रोड दोपहर 12.30 बजे एवं मानपुर ब्लाक के मानसिंग भवन मैदान मानपुर में दोपहर 2 बजे, महू ग्रामीण ब्लाक भाटखेडी गांव में दोपहर 3.30 बजे एवं राऊ विधानसभा के राऊ ब्लाक कैट रोड स्थित गार्डन में शाम 5 बजे सम्मलेन में शिरकत करेंगे। दूसरे दिन 13 मार्च को सांवेर विधानसभा के पालिया ब्लॉक के जयश्री मैरिज गार्डन एंड रिसोर्ट निर्वाणा रोड ग्राम पंचायत भांग्या में सुबह 11 बजे से एवं सांवेर ब्लाक में 13 मार्च को दोपहर 12.30 बजे बंधन गार्डन सांवेर में एवं क्षिप्रा ब्लाक में टोलटैक्स के समीप क्षिप्रा एबी रोड स्थित वेयर हाऊस में दोपहर 2 बजे से एवं खुडैल ब्लाक में खाती समाज धर्मशाला पीवडाई में दोपहर 3:30 बजे से एवं रालामंडल ब्लाक के चौधरी धर्मशाला दुधिया में शाम 5 बजे एवं तीसरे दिन 14 मार्च को देपालपुर विधानसभा के बेटमा ब्लाक बियानी होटल बेटमा में सुबह 11 बजे से एवं देपालपुर ब्लाक के होटल सालासर कॉलेज के सामने इंदौर रोड देपालपुर में दोपहर 12:30 बजे। वहीं गौतमपुरा ब्लाक के सॉंवरिया गार्डन, चंबल रोड गौतमपुरा में दोपहर 2 बजे से एवं हातोद ब्लाक के मारुति धाम पीपलिया तफा रोड जाम्बुडी हप्सी दोपहर 3.30 बजे से उक्त सम्मलेन होंगे। जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सभी सम्मेलन में शिरकत करेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेडे एवं संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. दौलत पटेल ने उक्त जानकारी दी और बताया कि जिला कांग्रेस के अध्यक्ष और संगठन महामंत्री के अलावा ब्लाक के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। वरिष्ठ नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है।

# स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करने वालों को डेली कॉलेज जोन के अफसरों ने दी समझाइश

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। डेली कालेज विद्युत जोन के अंतर्गत आने वाले मूसाखेड़ी क्षेत्र की पंचशील कालोनी में सालों पुराने मीटर के बदले नए स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम को क्षेत्र के कुछ लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। मीटर लगाने वाली टीम को कुछ रहवासी लोग स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करने लगे। लोगों का कहना था कि स्मार्ट मीटर लगाने के बाद खपत बढ़ जाती है ज्यादा बिल आता है। बिल भरने में देरी होने पर लाइन कटने का डर रहता है। इस तरह की बाते होने लगी। इस पर टीम के सदस्यों ने डेली कालेज जोन के सहायक यंत्री अभिनव सिंह से जब कुछ रहवासियों की बात कराई तब सिंह की बात सुनकर विरोध करने वाले लोग ठंडे पड़े और यही नहीं कई लोगों ने फिर हाथों हाथ नए मीटर लगवाए।**

## अफवाहों पर मत दो ध्यान,बिजली की सही खपत और बचत के लिए लगवाओ नए मीटर



### 22 हजार से ज्यादा घरों में लगे स्मार्ट मीटर

इधर, डेली कालेज विद्युत जोन से जुड़े अफसर अभिनव सिंह और देवकरण चौधरी के मुताबिक हमारे विद्युत जोन क्षेत्र में कुल 36000 कंज्यूमर के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने है। जिसमें से वर्तमान में लगभग 22 हजार से ज्यादा कंज्यूमर के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। वहीं अब पहले से ज्यादा टारगेट के साथ शेष बचे एरिया में इन दिनों तेजी के साथ नए स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है। हमारा प्रयास है कि इस माह 31 मार्च से पहले ज्यादा से ज्यादा घरों में मीटर लगाने का काम पूरा करे ताकि लोगों को स्मार्ट मीटर लगने से उसके होने वाले फायदे और कायदों की जानकारी आसानी से मिल सकें।

### अब अनुमानित बिलिंग नहीं होगी

सटीक और रियल टाइम बिलिंग के लिए आप अपने घर में लगे डिस्प्ले या मोबाइल ऐप के जरिए यह देख सकते हैं कि कितनी यूनिट बिजली खर्च हुई है और कितना बिल बना है।साथ ही आप अपनी दैनिक या मासिक खपत पर नज़र रख सकते हैं, जिससे बिजली की फिजूलखर्ची रोकने और बिल कम करने में भी मदद मिलती है। साथ ही स्मार्ट मीटर की रीडिंग लेने के लिए किसी व्यक्ति को आपके घर आने की जरूरत नहीं है। डेटा स्वचालित रूप से बिजली विभाग के पास आ जाता है।

### चोरी और फॉल्ट डिटेक्शन की जानकारी से लग रही रोक

स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी कम हो रही है ,और यह तुरंत किसी भी तकनीकी खराबी या बिजली कटौती और फाल्ट डिटेक्शन की जानकारी भी बिजली विभाग को दे रहा है। जिससे उपभक्ताओं को फायदा मिल रहा है।

# इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन सड़क निर्माण प्रोजेक्ट में अब दिखने लगी तेजी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। इंदौर उज्जैन सिक्स लेन सड़क प्रोजेक्ट कार्य में अब रफ्तार दिखने लगी है। सांवेर से इंदौर के बीच बड़े हिस्से में आधी से ज्यादा नई सड़क भी तैयार हो गई है। यही नहीं अरविंदो हॉस्पिटल के आगे एक तरफ के बड़े हिस्से में वर्तमान में खुदाई कर सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। बड़ी बात यह है कि इसके अलावा सांवेर से इंदौर के बीच बड़े हिस्से में दोनों तरफ आधी से ज्यादा नई लंबी-चौड़ी सड़क तैयार हो गई है। जिस पर से वर्तमान में आसानी से ट्रैफिक गुजर रहा है। वहीं वैष्णव महाविद्यालय से सांवेर तक के हिस्से में कई जगह नई डामर की सड़क भी बनती जा रही है।






**सांवेर से उज्जैन के बीच बन रहें आधा दर्जन से ज्यादा नए पुल- पुलिया** -यही नहीं बड़ी बात यह है कि इंदौर से बाबा महांकाल के दरबार उज्जैन तक सिंहस्थ में बिना किसी रुकावट के तेज रफ़्तार गाड़ियों की आवाजाही के लिए वर्तमान में नई सिक्स लेन सड़क निर्माण का काम कई गुना तेजी के साथ पहले से ज्यादा रफ्तार के साथ चल रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत इन्दौर से सांवेर और उज्जैन के बीच करीब आधा दर्जन पुल और पुलिया निर्माण का काम भी इन दिनों बुलेट ट्रेन जैसी रफ्तार से चल रहा है। बड़ी बात यह है कि कई जगह 60 से 70 फीसदी तक पुलिया तैयार हो चुकी है। जिसका काम अब नजर भी आने लगा है। इसके अलावा इंदौर से उज्जैन के बीच भी कई जगह नई लंबी-चौड़ी डामर की सड़क बनती जा रही है। जिस पर से आसानी से बगैर किसी रुकावट के तेज रफ़्तार से ट्रैफिक गुजर रहा है। इधर, सड़क निर्माण प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि हमारा पूरा प्रयास है कि सिंहस्थ से पहले सड़क चौड़ीकरण और नवीन पुल-पुलिया निर्माण का काम जल्द से जल्द हर हाल में तय समय सीमा से पहले पूरा हो जाए। इसके लिए लगातार प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग हो रही है। वहीं बड़े अफसरों द्वारा बाधाएं दूर कर निर्माण कार्य तेजी के साथ पूरी ताकत के साथ लगातार निगरानी रख पूरा करवाया जा रहा है ताकि तय समय से पहले सिक्स लेन सड़क निर्माण प्रोजेक्ट पूरा हो जाए।

**कमाठीपुरा बस्तीवासियों को सौगात**

# शादियों में नहीं करना पड़ेगा महंगी धर्मशाला और गार्डन पर खर्चा

## वार्ड 58 के सैकडों परिवारों के लिए एक करोड़ 20 लाख की लागत से मिलेंगी नवीन सामुदायिक भवन की सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। विधानसभा तीन के वार्ड क्रमांक 58 के हजारों रहवासी परिवारों के लिए घर परिवार में शादी - विवाह के दौरान अब महंगी धर्मशाला और गार्डन पर खर्चा नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि वार्ड में क्षेत्र के रहवासी परिवार और जनप्रतिनिधियों की मांग पर निगम यहां आने वाले दिनों में लगभग एक करोड़ 20 लाख रुपए के आसपास खर्चकर इसी साल एक नवीन आधुनिक सुविधाओं से लैस सामुदायिक भवन का निर्माण करेगा। जिसमें कमाठीपूरा बस्ती क्षेत्र और आसपास के गरीब जरूरतमंद रहवासी परिवार के लोग घर में शादी विवाह और अन्य छोटे-मोटे धार्मिक और सामाजिक आयोजन कम खर्च में व्यवस्थित सुविधाओं के साथ आसानी से कर सकेंगे।

### बारिश और गर्मी के मौसम में बिना रुकावट कम खर्च में कर सकेंगे आयोजन

इसको लेकर निगम अफसरों की प्लानिंग है कि वार्ड के उत्तरी कमाठीपुरा बस्ती क्षेत्र में खाली जगह पर रहवासियों की मांग पर एक भव्य आधुनिक सुविधाओं वाले नवीन सामुदायिक भवन की सौगात आने वाले दिनों में देने की तैयारी है। जिसमें यहां के रहवासी बारिश और गर्मी के मौसम में भी बिना किसी अतिरिक्त खर्च के नवीन सामुदायिक भवन में व्यवस्थित तरीके से अपने घर में होने वाले मांगलिक कार्य और सामाजिक और धार्मिक आयोजन मिलजुल कर लंबी चौड़ी जगह में व्यवस्थित तरीके से कर सकेंगे। जिसको लेकर तैयारी भी शुरू हो गई है।

# अग्निवीर भर्ती के लिए छात्र-छात्राओं के लिए सुनहरा मौका

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी अगले माह एक अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन फार्म भरकर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए महिला और पुरुष दोनों वर्गो के लिए अलग - अलग स्थाई पदों के लिए भर्ती पक्रिया शुरू की गई है। जिसके लिए भर्ती संबंधित विस्तृत जानकारी एवं अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर विस्तार से उपलब्ध की गई है।**

इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी, एसकेटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।



**आयु सीमा में एक वर्ष की गई है वृद्धि–** बताया गया कि इस बार सेना भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। अग्निवीर पदों के लिए एक जुलाई 2005 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे युवा आवेदन कर सकेंगे, जबकि स्थाई पदों के लिए एक जुलाई 2004 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे अभ्यर्थी पंजीयन के पात्र होंगे। साथ ही अभ्यर्थियों के लिए विशेष रूप से सलाह दी गई है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर दें। साथ ही भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय महू के दूरभाष क्रमांक 7648815570 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# कर्मचारी चयन मंडल से दिव्यांगों के पद भरेगा निगम

### पूर्व में शुरू की गई भर्ती की पूरी प्रक्रिया निरस्त, नए सिरे से होगी प्रक्रिया शुरू

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

इंदौर नगर निगम के द्वारा दिव्यांगों के लिए आरक्षित 300 से ज्यादा पदों की पूर्ति अब कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से की जाएगी। इसके लिए पूर्व में शुरू की गई चयन की पूरी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया है। अब नए सिरे से प्रक्रिया की जाएगी।

इंदौर नगर निगम की महापौर परिषद की बैठक कल 12 मार्च गुरुवार को आयोजित की जा रही है। इस बैठक के लिए 30 प्रस्ताव का एजेंडा जारी किया गया है। इस एजेंडा में दिव्यांगों की भर्ती के प्रस्ताव को भी शामिल किया गया है। प्रस्ताव क्रमांक 26 में कहा गया है कि दिव्यांगों के रिक्त पदों के संबंध में आयुक्त का पत्र क्रमांक 6968 दिनांक 26 फरवरी 2026 पर सामान्य प्रशासन विभाग की राय दिनांक 9 मार्च 2026 को मंजूरी के लिए रखा जा रहा है। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि इंदौर नगर निगम में दिव्यांगों के लिए आरक्षित रिक्त पदों पर कर्मचारी चयन मंडल भोपाल के माध्यम से नियुक्ति की जाए। राज्य सरकार के द्वारा कर्मचारियों का चयन करने और उनकी भर्ती करने के लिए इस मंडल का गठन किया गया है। इस प्रस्ताव के मंजूर हो जाने के बाद इसे कर्मचारी चयन मंडल को भेजा जाएगा। फिर मंडल के द्वारा प्रस्ताव के अनुसार उल्लेखित किए गए पद पर भर्ती करने के लिए पूरे प्रदेश स्तर की परीक्षा का आयोजन होगा और उसके माध्यम से कर्मचारियों का चयन कर चयनित कर्मचारियों की सूची इंदौर नगर निगम को भर्ती करने के लिए दी जाएगी।

ध्यान रहे कि नगर निगम के द्वारा राज्य शासन से मिली अनुमति के आधार पर सीधी भर्ती के माध्यम से कर्मचारियों के उक्त रिक्त पदों को भरने का काम शुरू किया गया था। उस वक्त नगर निगम के द्वारा जो मेरिट लिस्ट तैयार की गई उसमें दिव्यांग प्रत्याशियों की दिव्यंका को प्रमुखता देने के बजाय उनकी शिक्षा और उनके अंकों को प्रमुखता दे दी गई थी। जिसके परिणाम स्वरूप निगम की सूची को न्यायालय में चुनौती दी गई। राज्य शासन के द्वारा जितनी अवधि में निगम को सीधी भर्ती करने की अनुमति दी गई थी वह पूरी अवधि इस दौरान निकल गई। इस अवधि में निगम एक भी भर्ती नहीं कर सका। ऐसी स्थिति में अब कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से भर्ती करने का प्रस्ताव रखा गया है।

**आउटसोर्स कर्मचारी निरंतर किए जाएंगे-** इंदौर नगर निगम में इस समय बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी के द्वारा काम किया जा रहा है। इन कर्मचारियों के दम पर ही निगम का काम का चल रहा है। कल होने वाली महापौर परिषद की बैठक में इन कर्मचारियों को निरंतर करने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

**हर ब्रिज पर करेंगे हरियाली -** नगर निगम के द्वारा शहर में मौजूद सभी रेलवे ओवरब्रिज और फ्लाईओवर ब्रिज पर हरियाली की जाएगी। अभी इस तरह की हरियाली कृष्णपुरा ब्रिज, नौलखा हनुमान मंदिर के पास के ब्रिज जैसे स्थानों पर की गई है। इस तरह की हरियाली से सुंदरीकरण का कार्य होता है। अब इस कार्य को शहर के सभी ब्रिज पर करने का प्रस्ताव है।




## बिल्डिंग निर्माण के 26 साल बाद शिकायत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** झोन क्रमांक 9 के अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 47 के 16 मीरापथ स्थित रुद्राक्ष अपार्टमेंट के लिए नक्शा आवेदन 1999 में किया गया था। यह भवन 2000 में बना था। अब इसमें कल भवन निर्माण के करीब 26 साल बाद शिकायत की गई। शिकायत में कहा कि जो बिल्डिंग बनी उसमें नक्शे के विपरीत काम किया गया है। शिकायतकर्ता शरद शर्मा मालगंज ने यह भी कहा कि उनके द्वारा शिकायत पूर्व में जनसुनवाई में की गई थी। बाद में मामला न्यायालय में भी गया था।

## कलेक्टर देखेंगे गैस टंकियों की वितरण व्यवस्था

### जमाखोरी और कालाबाजारी की स्थिति ना बने, भोपाल से आए आदेश

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण के आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने भोपाल से प्रदेश के सभी कलेक्टर को कल पत्र जारी किया। वर्तमान में ईरान के विरुद्ध अमेरिका और इजराइल के युद्ध की स्थिति में तेल और गैस का संकट ना हो और कहीं जमाखोरी व कालाबाजारी ना हो इसे लेकर दिशा-निर्देश वरिष्ठ अधिकारी ने कलेक्टर को दिए हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को सतत सिलेंडर मिले इसके लिए कलेक्टर ध्यान दें और ऑयल कम्पनी से लगातार चर्चा कर निर्धारित समय में गैस सिलेंडर घरों तक पहुंचे। खासतौर से यह देखे कि कोई जमाखोरी, कालाबाजी तो एलपीजी की नहीं हो रही है। इस समय ऑयल कम्पनी ने यह भी तय किया है कि वर्तमान में चिकित्सालय, शैक्षणिक संस्थाओं, वाणिज्यिक उपयोग करने वाले कमर्शियल एलपीजी जो बल्क टंकियां लेते हैं उनकी सप्लाय नहीं की जाएगी। इस मामले में यह भी निर्देश कलेक्टर को दिए गए है कि लगातार जिला प्रशासन ऑयल कम्पनी के अधिकारियों और एलीपीजी वितरकों के साथ नियमित बैठक करें। स्टॉक की उपलब्धता को जाने और सप्लाय को सुनिश्चित कराए वहीं जिले के बड़े वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की भी बैठक आयोजित कर कलेक्टर स्थिति के अनुसार निर्णय लेंगे। खासतौर से जमाखोरी और कालाबाजी की स्थिति निर्मित ना हो इस पर कलेक्टर को ध्यान देना है और आम लोगों को घरेलू सिलेंडर मिलते रहे इसके दिशा-निर्देश भी दिए।

# आईएसबीटी पर बनाए जाएंगे सार्वजनिक सुविधा घर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा निर्मित किए गए आईएसबीटी पर अब नगर निगम के द्वारा सार्वजनिक सुविधा घर का निर्माण किया जाएगा। यह निर्माण कार्य प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के तहत करते हुए निर्माण करने वाली एजेंसी को ही इसके संचालन का दायित्व भी सौंपा जाएगा। प्राधिकरण के द्वारा नायता मुंडला में इंटरस्टेड बस टर्मिनल बनाकर इसका संचालन का कार्य सिटी बस कंपनी को दिया गया है। इस कंपनी के माध्यम से इस बस स्टैंड का संचालन अभी आंशिक रूप से शुरू हुआ है। यहां से बसें भी थोड़ी बहुत चलना शुरू हो गई है। इसके साथ प्राधिकरण के द्वारा एम आर 10 पर ग्राम कुमेडी में 100 करोड़ रुपए की लागत से बड़ा अंतर राज्य बस टर्मिनल बनाया गया है। इस टर्मिनल को प्राधिकरण के द्वारा संचालन संधारण के लिए ठेके पर देने की प्रक्रिया की जा रही है। इन दोनों बस टर्मिनल के पास में नगर निगम के द्वारा सार्वजनिक सुलभ शौचालय काम्पलेक्स का निर्माण किया जाना है। इसमें से नायता मुंडला में तो यह कार्य सीएसआर के माध्यम से कराकर 30 साल के लिए संचालन के लिए दिया जाएगा। जबकि कुमेडी में सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन भोपाल के माध्यम से यह निर्माण कराया जाएगा।

### शौचालय में उपयोग का रेट बढ़ेगा

शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित सार्वजनिक सुविधा घर में अब इंदौर नगर निगम के द्वारा शौच करने के लिए जाने वाले लोगों से लिए जाने वाले शुल्क को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है। अभी इस शौचालय में जाकर फ्रेश होने और स्नान करने पर व्यक्ति को 5 रु. का शुल्क देना पड़ता है। अब नगर निगम के द्वारा इस शुल्क को बढ़ाकर 10 रु. करने का प्रस्ताव महापौर परिषद की बैठक में रखा गया है।

### तुलसी नगर में होंगे 13 करोड़ के काम

इस बैठक में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव तुलसी नगर क्षेत्र में विकास कार्य का भी रखा गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार निगम के वार्ड क्रमांक 37 के अंतर्गत आने वाले तुलसी नगर पुलिया से लेकर निपानिया तक सीमेंट की सड़क के निर्माण, ड्रेनेज के चेंबर और स्ट्रांग वाटर लाइन डालने का प्रस्ताव रखा गया है। इस कार्य पर 13 करोड रुपए से ज्यादा खर्च होंगे।

## 35 कट्टे पॉलिथीन के जब्त कर लगाया 75 हजार का स्पॉट फाइन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान के अन्तर्गत लोहा मंडी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रतिबंधित अमानक पॉलिथीन जब्त की। राजेश जायसवाल के मुताबिक लोहामंडी क्षेत्र में स्थित प्रवीण लॉजिस्टिक प्रायवेट लिमिटेड ट्रांसपोर्ट द्वारा ट्रक पर सामान लोड किया जा रहा था। संदेह होने पर निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ट्रक की विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान ट्रक में अमानक एवं प्रतिबंधित पॉलिथीन कैरीबैग के कुल 35 कट्टे पाए गए, जिन्हें तत्काल जब्त किया गया। उक्त मामले में प्रवीण लॉजिस्टिक प्रायवेट लिमिटेड ट्रांसपोर्ट, लोहामंडी द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के परिवहन एवं भंडारण किए जाने पर निगम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 75 हजार रुपये का स्पॉट फाइन भी किया गया। राजेश जायसवाल, शौभरन खरे, अंजू रील मौजूद थे।



# सड़कों के बुरे हाल, पैच वर्क की उम्मीद नहीं, बारिश बाद हुआ था आधा अधूरा सड़कों का सुधार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नगर निगम द्वारा शहर की सड़कों पर पैचवर्क करवाने की फिलहाल कोई उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। अधिकारी लगातार जनप्रतिनिधियों को आश्वासन दे रहे हैं, जिसमें एक सप्ताह, 15 दिन में काम शुरू होने की बात कही जा रही है, लेकिन इसके पीछे सच्चाई यह है कि नगर निगम फिलहाल आर्थिक तंगी से गुजर रहा है और पैचवर्क करवाने के लिए फिलहाल फंड उपलब्ध नहीं है। मार्च माह में अगर अच्छी वसूली होती है तो सड़कों की हालत सुधर पाएगी वरना बारिश तक इन्हीं गड्ढेदार सड़कों से लोगों को गुजरना होगा। इधर महापौर भी लगातार पैचवर्क करवाने के लिए अधिकारियों से बात कर रहे हैं, लेकिन नगर निगम में काम करवाने के बाद समय पर भुगतान नहीं होना ठेकेदारों के लिए परेशानी बना हुआ है, इसीलिए पैच वर्क के काम में कोई ठेकेदार हाथ डालने के लिए तैयार नहीं है।

वही आम शहर वासियों की परेशानियां सड़कों पर कम नहीं हो रही है। एक ओर पुलिस हेलमेट के नाम पर लोगों के चालान काटने पर आमादा है लेकिन सड़कों को सुधारने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत नहीं है। रोड एक्सीडेंट गड्ढेदार सड़कों पर नहीं हो इसीलिए पुलिस सभी को हेलमेट पहनाना चाहती है ताकि बदनामी सड़कों की नहीं हो, वहीं शहर का मुख्य मार्ग हो या फिर गली मोहल्ला में ड्रेनेज, वाटर लाइन डालने के लिए खुदाई की गई, ये सड़के उबड़-खाबड़ है, मिट्टी का भराव दुर्घटना के लिए काफी है। फिलहाल शहर में यह समझना मुश्किल है कि गड्ढे कहां है और सड़कें खोदी कहां गई। जिन स्थानों पर लाइन डाले हुए एक से डेढ़ साल गुजर चुका है वहां भी पैच वर्क नहीं किया गया है। खराब सड़कों का हल्ला फिलहाल इसलिए कम मच रहा है क्योंकि बारिश नहीं है और गड्ढों में पानी जमा होने वाली परेशानी नहीं हो रही है, इसीलिए लोगों का आक्रोश भी कम दिखाई दे रहा है। गोराकुंड चौराहे के पास छिपाबाखाल की सड़क इसका उदाहरण है। यहां रहने वाले लोकेश पालीवाल ने बताया कि नगर निगम द्वारा 6 माह पहले सड़क को लाइन डालने के लिए खोदा गया था, यहां पर जो खुदाई की गई थी उसको समतल करने के लिए भी ठेकेदार ने ठीक से काम नहीं किया। जो मलवा खुदाई में निकला था उसे वापस भराव करने के लिए डाल दिया गया जो की ऊंचा नीचा और अव्यवस्थित है। यहां लोगों की बाइक और गाड़ियां स्लिप होती है, कई बार बच्चों के साथ दुर्घटनाएं हो रही है। नगर निगम को चाहिए कि जहां खुदाई की जा रही है वहां का भराव ठीक से करवाया जाए। वही नगर निगम के लेखा विभाग से जुड़े सूत्र बताते हैं कि मार्च माह में राजस्व वसूली का लक्ष्य 1200 करोड रुपए से ऊपर होता है तो नगर निगम शहर में पेचवर्क जैसे बड़े काम करवा सकेगा। फिलहाल सभी काम नगर निगम की राजस्व वसूली पर निर्भर है। वित्त वर्ष का अंतिम महीना आधा गुजर रहा है। निगम के राजस्व वसूली बाजार में नजर नहीं आ रही है ना ही कोई बड़ी कार्रवाई हो रही है, जिससे स्पष्ट है कि राजस्व विभाग की आपसी खींचतान सुलझ नहीं पाई है और असर वसूली पर पड़ रहा है।

# नारी शक्ति सम्मान का आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट




राष्ट्रीय सनातन सेना भारत के प्रदेश संगठन मंत्री महावीर जैन, हर्षाली शर्मा, राहुल शर्मा ने बताया कि उदय नगर जैन मंदिर के सामने बंगाली चौराहा रेस्टोरेंट पर नारी शक्ति सम्मान के अन्तर्गत 51 मातृशक्तियों का सम्मान किया गया। प्रमाण-पत्र और उपहार में साड़ी भी दी गई। भोजन का आयोजन भी किया गया। महावीर काला, धर्मेन्द्रसिंह चौहान, मयूर पटेल, प्रीत पटेल, संदीप धाकड़, अजीता सांगर, संगीता बंगेरा, विश्वनाथ राजावत, रंजना जगताप, रीमा दुबे, अभिषेक शर्मा, रणविजयसिंह तोमर, अनिल शर्मा, मनोज शर्मा मौजूद थे।



# बाबल सांई छठी उत्सव

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। संत बाबल सांई का छठी उत्सव जयरामपुर कालोनी में सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रम के साथ मनाया। सुखमणि साहब का पाठ, छठी संस्कार, भजन संध्या, प्रसादी, पल्लव अरदास का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी अनिल आगा ने दी।



# जैन फेडरेशन का अधिवेशन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अ.भा. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन ने मालवा-निमाड़ रीजन का दो दिवसीय महासम्मेलन आयोजित किया। राजेश पाटनी, प्रभात चौपड़ा, मुकेश रांका, पीयूष जैन, संजय नाहर, नरेंद्र संचेती, गौतम मुनोत, संजय जैन, राजेश संगीता दुग्गड़, प्रकाश भटेवरा, तरुण कीमती, राजेन्द्र जैन, मोनिका मेहता सहित अन्य मौजूद थे।

# जागृति महिला मंडल ने ली एकता की शपथ

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। जागृति महिला मंडल से जुड़ी मातृशक्तियों ने उत्सव मनाने के साथ आपसी सौहार्द और संगठन एकता की शपथ ली। मनमोहन झांझरी, ने बताया कि खेलों के आयोजन में सरिता गोधा, संगीता बाकलीवाल, कल्पना गंगवाल, अर्चना गोधा विजेता रहीं। लता बज, ज्योति सेठी, भावना रांका, उषा कानूगो ने अपनी भूमिका निभाई।





# नामदेव छीपा समाज का होली मिलन आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री नामदेव छीपा जागृति महिला संगठन ने होली मिलन का आयोजन किया। राधाकृष्ण की झांकी भी सजाई गई। टिफिन पार्टी भी आयोजित की गई। पूजा रोहित गोठानिया, संगीता रंजन पंवार, शीतल रायथलिया, आयुषी नामदेव, अंकिता राइवल, पुष्पा जनवासिया मौजूद थी।

# बौद्ध शाखा और प्रज्ञा संघ ने दिया धरना

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मातोश्री सावित्रीबाई फुले स्मृति दिवस मनाते हुए महाबोधि महाविहार, बुद्ध गया (बिहार) की मुक्ति, बी.टी. एक्ट-1949 के निरस्तीकरण हेतु आंदोलन के समर्थन में शांतिपूर्ण धरना का आयोजन किया गया। बुद्ध प्रतिमा, महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा, बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। प्रमिला ताई डोंगरे, माया ताई लोखंडे, आशा ताई बागडे, सुरेखा ताई बनसोडे, मीना ताई बोरकर, डॉ. वीणा ताई नाईक, मंदा ताई भीमके, रजनी ताई हूमणे, सुधा ताई पाटिल, सुरेश वावरे, यशवंत राव लोखंडे, शंकर पाटिल मौजूद थे। ज्ञापन भी दिया गया। उक्त जानकारी सुरेश वानखेड़े ने दी।






# रामकथा का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। तलावली चांदा स्थित खेड़ापति हनुमान और शिव परिवार मंदिर में 9 दिवसीय रामकथा का आयोजन का शुभारंभ हुआ। कथा 18 मार्च तक चलेगी। नारायण शास्त्री के श्रीमुख से होने वाली कथा में व्यासपीठ का पूजन नारायण शास्त्री, प्रभाशंकर शर्मा, महेश पाठक, गणेश तिवारी, उमेश तिवारी, दुर्गेश तिवारी, नीलेश तिवारी, तरुण बिरथरे, मनोज तिवारी, अमित तिवारी, गगन दुबोलिया, नरेन्द्र तिवारी, देवेन्द्र शर्मा, भगवती शर्मा, अनिल शर्मा, संजय जारोलिया, दीपक शर्मा, संजय बिरथरे, बंटी पाराशर, राधेश्याम शर्मा, शेखर शुक्ला, दीपक बिरथरे ने किया।

# 450 श्रद्धालु पहुंचे मथुरा चुनरी मनोरथ के लिए



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अग्र दया परिवार ने मथुरा-वृंदावन की यात्रा 450 श्रद्धालुओं के लिए आयोजित की। मथुरा पहुंचकर माँ यमुना को चुनरी मनोरथ में श्रद्धालु शामिल हुए। माँ को चुनरी अर्पण की गई। इस अवसर पर उत्पल अग्रवाल, मंथन अग्रवाल, तृप्ति जितेन्द्र अग्रवाल, नम्रता राजेश गर्ग, चंदन अग्रवाल, दिनेश गर्ग, आरती अरुण गोयल, प्रज्ञा नीलेश अग्रवाल, पिंकी पंकज अग्रवाल, सोनम शेखर अग्रवाल, सीमा उमेश अग्रवाल, विनोद संध्या गोयल, गिरीश सारिका अग्रवाल, जतिन गोयल मौजूद थे।

# आदिनाथ जन्म कल्याणक पर पालकी यात्रा





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। आज जैन समाजजनों ने सफेद मंदिर पिपली बाजार से भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव के अन्तर्गत मूर्तिपूजक युवक महासंघ के बैनर तले पालकी यात्रा का आयोजन किया। यात्रा मध्य क्षेत्र में भ्रमण कर वापस पिपली बाजार मंदिर पहुंची। भगवान आदिनाथ प्रतिमा के समक्ष अष्टप्रकारी पूजन किया गया। श्वेताम्बर जैन समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संतों का सानिध्य भी मिला। पालकी यात्रा में भजन मंडली भी रही। महिला मंडल ने भी प्रस्तुतियां दी। अमित श्रीमाल, विजयराज भंसाली, नितेश सोनगरा, मनीष सुराणा, सुधीर सेठिया, नरेन्द्र जैन भटेवरा, अंकित गोलेछा, गौरव सेठिया, प्रमोद चौरड़िया, रूचिल डोसी, गौरव सेठिया, नरेन्द्र राठौर, शैलेन्द्र बोहरा, आशीष धारीवाल, नवीन जैन, विकास जैन, अंकित गोलेछा, तेजकुमार बम्बोरिया, अर्पित जैन, अमित नाहटा, नीलेश सकलेचा, सिद्धार्थ भंसाली, समीर मारू, प्रदीप चौरडिया, रोहित श्रीमाल, विनित कोचर, प्रकाश नाहर, संजय छाजेड़ सहित अन्य मौजूद थे।

# नाइजीरिया से आए जैन समाजजन का स्वागत



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नाइजीरिया से आए वीरेन्द्र बसंतीलाल छिंगावत जो मूलनिवासी जीरन-इंदौर के हैं उनका श्वेताम्बर जैन महासंघ न्यास कार्यालय पर स्वागत किया गया। उक्त जानकारी सुधीर सेठिया, प्रकाश भटेवरा ने दी।




# कई मुद्दों पर बनाई मानव श्रृंखला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रीगल तिराहा पर शांति एवं एकजुटता संगठन तथा विभिन्न श्रमिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में मानव श्रृंखला नागरिकों, मजदूर-कर्मचारियों, छात्रों, युवाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर बनाई। राहुल निहोरे, अरविन्द पोरवाल सहित अन्य मौजूद थे।



# नारी सम्मान का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के सानिध्य में स्कूल में 'नारी सम्मान' कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल की शिक्षिकाओं रचना जैन, देवश्री वैद्य, माया जोशी, प्रभा अजयन, हीना सोनी, इंदु सिंह, गीता भिलाला, माया प्रजापत, रेखा चौहान और सुमन जमुरा का भी सम्मान हुआ। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, मदन परमालिया, विक्रम मस्ताल मौजूद थे।

# बोहरा समाज के धर्मगुरु की सालगिह पर कटा केक



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** बोहरा समाज के धर्मगुरु डॉ. सैयदना आलीकदर मुफद्दल सैफुद्दीन मौला की सालगिरह पर बाबजी नगर में खुशी मनाई गई, केक काटा गया। यह आयोजन कल मगरीब की नमाज के बाद किया गया। मजहर हुसैन सेठजीवाला, शेख कुतुबुद्दिन कुक्षीवाला सहित अन्य मौजूद थे।



# कालेज में महिलाओं का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय होल्कर आदर्श स्वायत्त विज्ञान महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ 'उत्कर्षिणी' द्वारा महिलाओं के सम्मान का आयोजन किया गया। डॉ. सुवर्णा तनवानी, डॉ. अनामिका जैन, डॉ. अंगूरबाला बाफना, डॉ. तौशी अब्बासी, भावना शर्मा मौजूद थी।

# मालवा क्वींस क्लब ने किया आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मालवा क्वींस क्लब द्वारा चोखी ढाणी में मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। मनोरंजन गतिविधियां भी की गई। किरण जिरेती ने प्रतियोगिता में इनाम जीता और कई सार्थक संदेश दिए। कुंजन चाबा, सुनीता मंत्री, ढिल्लो, अल्पा मेहता, रेखा रावल, दीपा जैन, स्मृति, सुषमा,ऊषा मिश्रा, सुनयना,अलका, सुमन, पूनम मौजूद थी।



# जैन ग्रुप ने किया सम्मान



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप सीनियर सिटीज़न, की मासिक साधारण सभा रिसॉर्ट पर आयोजित हुई। महिलाओं का सम्मान किया गया। गीतों की प्रस्तुति दी गई।**



# ब्राह्मण समाजजनों ने एमवाय पहुंचकर की दवाइयां भेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ब्राम्हण सेवा संगठन की पहल पर संगठन के सर्व समाज सेवा प्रकल्प, निरामय सेवा संजीवन द्वारा 27वीं बार एमवाय अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए दवाइयां वितरण का आयोजन किया गया। सत्येन्द्र शर्मा, नीलाभ सुगंधी, अनिता हरीश पाठक, अशोक शर्मा इस सेवाकार्य से जुड़े रहे।

# ऑपरेशन्स रिसर्च पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय,में 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एप्लीकेशन्स ऑफ ऑपरेशन्स रिसर्च इन फाइनेंस, डिफेंस एंड इंडस्ट्री तथा ऑपरेशनल रिसर्च सोसायटी ऑफ इंडिया का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। तीन दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. आई. वी. मुरलीकृष्णा उपस्थित रहे।



# जनविकास सोसायटी ने मनाया युवा महोत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जनविकास सोसायटी द्वारा युवाओं को संगठित कर समाज सुधार, राष्ट्र निर्माण से जोडने को लेकर युवा महोत्सव का आयोजन पालदा में किया गया। संतोष हाडा ने युवाओं को नशे और अंजू पटेल ने सायबर अपराध से बचने के गुर बताए। अजय शर्मा, पदमसिंह कायथ, अंजू पटेल, राम वाजपेयी, शिनोज जोसफ, सुरेश पंवार मौजूद थे।



# सिंधी समाज के युवा और महिलाएं मिलकर निकालेंगे एकता वाहन रैली

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सिंधी समाज से जुड़े युवा-महिला संगठनों ने चेटीचंड युवा समिति और समग्र सिंधी समाज के बैनर पर इष्टदेव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव पर धर्म-संस्कृति-भाषा को बढ़ावा देने एवं समाज मे एकता का संदेश देने के उद्देश्य से 15 मार्च रविवार शाम 4:30 बजे दशहरा मैदान से एकता वाहन यात्रा का आयोजन किया है। इसी आयोजन में झूलेलाल मंदिर छत्रीबाग में बहराणा सजाया गया और समाज की बैठक भी हुई। इस एकता वाहन रैली के लिए युवा और मातृशक्तियों ने अपनी जिम्मेदारी ली है। व्यापारिक संस्थाओं पर पहुंचकर भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। घरों में भी निमंत्रण दिए जा रहे हैं। यह एकता वाहन रैली दशहरा मैदान से प्रारम्भ होकर द्वारकापुरी रोड, रणजीत हनुमान, महू नाका, जयरामपुर चौराहा, हेमू कालानी प्रतिमा, माणिकबाग ब्रिज होते हुए, खातीवाला टैंक, महाकाल चौराहा, सिंधी कॉलोनी होते हुए साधु वासवानी उद्यान पर समाप्त होगी।





# पैसों के संकट ने अटकाया नेहरू स्टेडियम के जीर्णोद्धार और निर्माण कार्य

**500 करोड़ से ज्यादा की लागत से होना था 63 साल पुराने स्टेडियम के कायाकल्प प्रोजेक्ट पर काम**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। इंदौर नगर निगम में लंबे समय से फंड की कमी के चलते अब शहर के सबसे पुराने लगभग 63 साल पुराने नेहरू स्टेडियम के जीर्णोद्धार और कायाकल्प प्रोजेक्ट का कार्य भी अटका दिया है। हालत यह है कि लगभग 500 करोड रुपए से ज्यादा की लागत से सालों पुराने बड़े स्टेडियम का विकास और नवनिर्माण का कार्य पिछले तीन साल से भी ज्यादा समय से प्रस्तावित होने के बाद भी अभी तक निगम में बजट की कमी और पैसों के संकट के कारण लगातार प्रयासों के बावजूद फाइलों में अटका पड़ा है। यही नहीं लंबे समय से प्रस्तावित होने के बावजूद आज तक इसका काम शुरू नहीं हो पाया। जबकि इसको लेकर निगम पिछले तीन साल से प्रयास कर रहा है। इसके बावजूद नेहरू स्टेडियम के विकास का काम लंबे समय से अब तक कागजों में हो रहा है,और फाइलों से बाहर ही नहीं निकल पा रहा है।



### बड़े बजट के कारण शासन की मंजूरी में अटका प्रस्ताव

दरअसल नेहरू स्टेडियम के जीर्णोद्धार और पूर्ण विकास के लिए निगम द्वारा प्रस्तावित बजट के हिसाब से यहां लगभग 500 करोड़ रुपए की लागत से सालों पुराने स्टेडियम का संपूर्ण विकास किया जाना है। जिसके लिए बड़े बजट के कारण इसके लिए शासन स्तर पर मंजूरी ली जाना थी। लेकिन कहा जा रहा है कि बड़ा बजट होने के कारण फिलहाल इंदौर के नेहरू स्टेडियम के विकास का मामला फाइलों में अटका है। फिलहाल इसको लेकर कोई मंजूरी नहीं मिली है। जिसके कारण निगम द्वारा स्टेडियम के विकास की फाइल तैयार होने के बाद भी मंजूरी के चक्कर में मामला अटका हुआ है।

### ऐसे होना था स्टेडियम का विकास

प्लानिंग के हिसाब से नए स्टेडियम में भव्य स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाना था। जिसमें इनडोर और आउटडोर स्पोर्ट्स एक्टिविटी के लिए जगह रखी जाना थी। स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए नेहरू स्टेडियम के साथ निगम के जोनल कार्यालय की जमीन भी शामिल करने की प्लानिंग थी।कॉम्प्लेक्स में इंटरनेशनल स्तर का स्विमिंग पूल भी तैयार किया जाना प्रस्तावित था। इसके अलावा 50 से ज्यादा दुकानें और फूड कोर्ट भी बनाया जाना था। इसके अलावा स्टेडियम में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी सहित अन्य खेलों के लिए मैदान विकसित किए जाने थे। साथ ही ज्यादा दर्शकों के बैठने के हिसाब से अलग-अलग गैलरी तैयार करना थी। मैदान को खेल और खिलाड़ियों के हिसाब से तैयार करवाया जाना था, ताकि भविष्य में नेशनल और इंटरनेशनल मैच पहले की तरह हो सके। इसके अलावा रोज यहां आने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रेक्टिस के लिए व्यवस्थित मैदान और जगह की व्यवस्था करना भी योजना में शामिल था।

# अमृत भारत योजना में करोड़ों की लागत से लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन की नई बिल्डिंग तैयार

**अगले डेढ़ माह में जल्द यात्रियों को मिलेगी नए स्टेशन की सौगात**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। आने वाले दिनों में अगले एक से डेढ़ माह में अमृत भारत योजना में लंबे समय से निर्माणधीन लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन का काम पूरी तरह से कंपलीट होकर नया स्टेशन चालू हो जाएगा। जिसके तहत वर्तमान में यहां करोड़ों की लागत से तैयार नई बिल्डिंग में फिनिशिंग वर्क अंतिम दौर में बेहद तेजी के साथ चल रहे है। जिसके तहत दो नए प्लेटफॉर्म का निर्माण भी किया जा रहा है जो अब एकदम अंतिम दौर में है। इसके अलावा आने वाले दिनों में यहां जल्द नई आधुनिक सुविधाओं से लैस नवीन स्टेशन बिल्डिंग पूरी तरह से तैयार हो जाएगी। इसके बाद सालों पुरानी स्टेशन बिल्डिंग को भी रेलवे प्रबंधन तुड़वाकर डिस्मेंटल करवाएगा। वहीं यहां का पूरा सामान बदलाव के साथ नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा।



यही नहीं इसके अलावा लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन पर लगभग 12 मीटर चौड़े नवीन ब्रिज की सौगात में मिलेगी। वर्तमान में ब्रिज के फाउंडेशन का काम कंप्लीट हो गया है, अब स्लिप कास्टिंग का काम हो रहा है। इसके अलावा अमृत योजना और दोहरी करण योजना में स्टेशन के नवनिर्माण का काम इन दिनों तेजी के साथ चल रहा है। रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार के मुताबिक नई बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन वर्क लगभग कंप्लीट हो गया है, और अगले एक से डेढ़ माह में जल्द फिनिशिंग का कार्य भी पूरा हो जाएगा। वहीं इसके बाद पुरानी बिल्डिंग की शिफ्टिंग प्रक्रिया के बाद उसे डिस्मेंटल किया जाएगा।

### तीन के बजाय अब मिलेगी 5 प्लेटफार्म की सौगात

गौरतलब है कि अब लक्ष्मीबाई नगर के नवीन स्टेशन पर तीन की जगह 5 प्लेटफार्म हो जाएंगे। जिससे आने वाले दिनों में जब इंदौर स्टेशन के नव निर्माण और नवीनीकरण का काम शुरू होगा तब इंदौर स्टेशन से चलने वाली कई लंबी दूरी की गाड़ियां लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से भी चलेगी। यही नहीं इसके अलावा ज्यादातर लंबी दूरी की गाड़ियां महू अंबेडकर नगर स्टेशन से चलेगी। वहीं कुछ गाड़ियां पार्क रोड स्टेशन से भी चलेगी। दरसअल रेलवे लक्ष्मीबाई नगर , इंदौर स्टेशन के साथ डॉक्टर अंबेडकर नगर स्टेशन का विकास आने वाले सिंहस्थ के हिसाब से कर रहा है। जिसके तहत वर्तमान में लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन को भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखते हुए अपग्रेड किया जा रहा है। जिसके तहत वर्तमान में लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन के नवनिर्माण का कार्य लगभग 90 फीसदी से ज्यादा हो चुका है। कहा जा रहा है कि जो थोड़े बहुत फिनिशिंग वर्क बचे है वह आने वाले दिनों में अगले एक से डेढ़ माह में जल्द पूरे हो जाएंगे। उसके बाद लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन आमजन और यात्रियों के लिए पूरी तरह से चालू हो जाएगा। यही नहीं नजदीक होने से यहां से ज्यादा ट्रेनें भविष्य में चलाने की रेलवे की मंशा है।

**वार्ड 36 के पॉश एरिया अंकुर आंगन कॉलोनी में**

# 80 लाख से ज्यादा की लागत से मिलेगी नई सड़क की सौगात

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। जोन 22 के वार्ड क्रमांक 36 से जुड़ी पॉश कालोनी अंकुर आंगन में सालों पुरानी ऊबड़ - खाबड़ क्षतिग्रस्त हो चुकीं पुरानी सड़क की बजाय अब आने वाले दिनों में नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर यहां नवरात्रि के बाद कभी भी काम शुरू हो सकता है। क्षेत्रीय पार्षद सुरेश कुरवडे ने बताया निपानिया क्षेत्र की अंकुर आंगन कॉलोनी मुख्य सड़क से लेकर भीतर तक आधा किलोमीटर से ज्यादा लंबी सड़क का निर्माण इसी माह बेहद जल्द शुरू करने की तरह ही तैयारी है। जिससे क्षेत्र के सैकड़ो रहवासी परिवारों को लंबे समय बाद नई सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के कार्य से बड़ी राहत मिलने वाली है। निगम अधिकारियों के मुताबिक क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निपानिया क्षेत्र के पॉश एरिया में लगभग 80 लाख से ज्यादा की लागत से क्षेत्र की विभिन्न गलियों के साथ मुख्य सड़क का निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य किया जाएगा। हिस्ट्री क्षेत्र के सैकड़ो परिवारों को बारिश से पहले नई सड़क बनने का बड़ा फायदा होगा।

बड़ी बात यह है कि निपानिया क्षेत्र में अंकुर आंगन कॉलोनी की मुख्य सड़क से लेकर भीतर तक की सड़क कई महीनों से नर्मदा लाइन से लेकर ड्रेनेज लाइन और अन्य काम के कारण लगभग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिसकी जगह नई सड़क बनाने के लिए क्षेत्र के रहवासी यहां के पार्षद से मांग कर रहे थे। वहीं अब जाकर निगम द्वारा यहां की मुख्य सड़क निर्माण को लेकर शुभ घड़ी आई है। बताया जा रहा है आने वाले दिनों में बेहद जल्द इसी माह नई सड़क निर्माण के लिए वर्तमान लंबे समय से ऊबड़ - खाबड़ हो रही पुरानी क्षतिग्रसत सड़क का काम शुरू कर बारिश से पहले पूरी करने की तैयारी है, ताकि लोगों को मानसून में ज्यादा दिक्कत न हो।

# विश्रामबाग में इस साल भी नहीं चलेगी बच्चों की फेवरेट टॉय ट्रेन

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। पश्चिम क्षेत्र में 10 एकड़ में फैले लंबे-चौड़े विश्राम बाग बगीचे में बच्चों के लिए टॉय ट्रेन चलाने की योजना निगम अफसरों की अनदेखी का शिकार होकर आखिर लंबे समय से ठंडे बस्ते में है। जिसके चलते क्षेत्र के बच्चों का यहां ट्रेन चलने का इंतजार इस साल भी सपना रह जाएगा। जबकि हालत यह है कि करीब दो ढाई साल पहले 15 करोड़ रुपए की लागत से विश्राम बाग बगीचे का नव निर्माण कर यहां 10 एकड़ से ज्यादा जगह में फैले लंबे-चौड़े बगीचे में हरियाली को लेकर बच्चों और बड़ों के लिए मनोरंजन के तमाम संसाधन होने के बावजूद बच्चों के लिए टॉय ट्रेन चलाने की योजना लंबे समय से खटाई में पड़ी है।

### आधे से ज्यादा हिस्से में बन गया था ट्रेक फिर भी योजना बे-पटरी

यही नहीं जबकि इसके लिए बगीचे के कुछ हिस्से में करीब 500 मीटर लंबा आधा-अधूरा ट्रेक भी तैयार हो गया था। जिस पर नेहरू पार्क की तर्ज पर राजस्थान की उसी कंपनी से तीन से चार डिब्बों की बच्चों के लिए नई टॉय ट्रेन चलाने की निगम की ओर से पूरी तैयारी थी। लेकिन सब कुछ तय हो जाने के बाद भी निगम के जिम्मेदार अफसरों की अनदेखी से इतने समय बाद भी ना अभी तक ट्रैक कंप्लीट हुआ है और ना ट्रेन चलाने को लेकर कोई योजना जमीनी स्तर पर पूरी होती नजर आ रही है।



### नेहरू पार्क की तर्ज पर राजस्थान की कंपनी को चलाना थी टॉय ट्रेन

पहले नेहरू पार्क में लंबे समय के बाद दोबारा ट्रेन शुरू होने के बाद ही निगम अफसरों द्वारा करोड़ों की लागत से विश्राम बाग में तैयार हुए बड़े बगीचे में मनोरंजन के लिए उनकी फेवरेट टॉय ट्रेन चलाने की योजना बनाई गई थी। इसके तहत नेहरू पार्क के तर्ज पर राजस्थान की इस कंपनी से विश्रम बाग में भी तीन डब्बे वाली ट्राई ट्रेन चलाने की योजना थी जिससे निगम की कमाई भी होती और बच्चों का मनोरंजन भी हो जाता। लेकिन अब सारों द्वारा इस योजना को ठंडा बस्ती में डाल दिया गया है इधर एक तरफ गर्मी का मौसम शुरू होने वाला है लेकिन विश्रम बाग में ना अभी तक पल शुरू हुआ है और ना ही ट्रेन चलाने को लेकर कोई योजना पूरी होती नजर आ रही है। हालत यह है कि अफसरों द्वारा विश्राम बाग में ट्रेन चलाने की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। जबकि प्रस्तावित कार्य योजना के तहत नेहरू पार्क में जिस कंपनी का ठेका है उसी कंपनी को पीपीपी मॉडल पर यहां ट्रेन चलाना थी। साथ ही 10 सालों तक इसका मेंटेनेंस भी उसी कंपनी को देखना था।

## संपादकीय

# अक्षय ऊर्जा से पृथ्वी बचाने की दिशा में भारत की बेहतरीन पहल, बदल रहा है भविष्य

चेतनादित्य आलोक अपने इस लेख में बता रहे है कि अक्षय ऊर्जा में निवेश और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप नीतियां अपनाकर दुनिया के सभी देश अपने नागरिकों को स्वच्छ बिजली और रसोई ईंधन उपलब्ध कर सकते हैं। वैश्विक सर्वेक्षणों के अनुसार यदि अक्षय ऊर्जा को नीति और निवेश के साथ जोड़ा जाए तो इससे न केवल अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि पर्यावरणीय समस्याओं से भी राहत मिलेगी। प्रदूषण की लगातार बढ़ती समस्या और प्राकृतिक संसाधनों का सीमित होना आज दुनिया की बड़ी चुनौतियों में शामिल है। हर देश और नागरिक इस स्थिति से प्रभावित हैं। वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि लगातार बढ़ते प्रदूषण को कैसे रोका जाए, क्योंकि यह प्रतिवर्ष लाखों लोगों की जान ले रहा है। दूसरी ओर, प्राकृतिक संसाधन निरंतर घट रहे हैं। इनके बिना जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। इन दोनों समस्याओं का सबसे बड़ा समाधान है अक्षय ऊर्जा। अक्षय ऊर्जा वह स्रोत है जो कभी खत्म नहीं होता और स्वच्छ होने के कारण पर्यावरण को सुरक्षित रखता है। परंपरागत संसाधनों जैसे कोयला, पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और लकड़ी की सीमित उपलब्धता और उनके अंधाधुंध दोहन के कारण निकट भविष्य में इनकी कमी गंभीर संकट पैदा कर सकती है। विश्व स्तर पर ऊर्जा की गैर-पारंपरिक और अक्षय स्रोतों से पूर्ति की आवश्यकता बढ़ गई है। भारत में भी 2004 से अक्षय ऊर्जा के विकास और उपयोग के लिए प्रयास जारी हैं। वैश्विक सर्वेक्षणों के अनुसार यदि अक्षय ऊर्जा को नीति और निवेश के साथ जोड़ा जाए तो इससे न केवल अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि पर्यावरणीय समस्याओं से भी राहत मिलेगी। इससे करोड़ों लोगों के जीवन में सुधार और स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार संभव है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (ईं) की रिपोर्ट के अनुसार, सौर, पवन, जल और परमाणु ऊर्जा के उपयोग को तीन गुना बढ़ाने से ऊर्जा की खपत कम की जा सकती है और पारंपरिक जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घट सकती है। इससे वर्ष 2060 तक जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता सिर्फ 12इ रह सकती है और पृथ्वी का तापमान दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रखा जा सकता है। अक्षय ऊर्जा में निवेश और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप नीतियां अपनाकर दुनिया के सभी देश अपने नागरिकों को स्वच्छ बिजली और रसोई ईंधन उपलब्ध कर सकते हैं। इससे कुल 20.4 ट्रिलियन डॉलर की बचत और करोड़ों लोगों को गरीबी, कुपोषण और स्वच्छ पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं मिल सकती हैं। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा का लक्ष्य रखा था और इसे पांच साल पहले ही आधा पूरा कर लिया। देश अब सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे और कुल अक्षय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। यह उपलब्धि न केवल भारत की ऊर्जा नीति में सफलता का प्रतीक है, बल्कि वैश्विक जलवायु प्रयासों में भी उसकी भूमिका दिखाती है। हालांकि, अन्य देशों को भी यथास्थिति छोड़कर अक्षय ऊर्जा को तेजी से अपनाना होगा। अन्यथा पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता से पृथ्वी का तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिसका सीधा प्रभाव स्वास्थ्य, भोजन, पानी और स्वच्छता पर पड़ेगा।

# जनसुनवाई में आए 200 से अधिक आवेदन



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** क़ल कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। कलेक्टर शिवम वर्मा ने लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 200 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

# हॉस्टल चलाने के बदले मांगी 20 हजार की रंगदारी, मना करने पर संचालक की पिटाई

**इन्दौर।** भंवरकुआं थाना इलाके के भोलाराम उस्ताद मार्ग पर गुंडागर्दी और अवैध वसूली का मामला सामने आया है। एक हॉस्टल संचालक से इलाके में काम करने के बदले हर महीने 20 हजार रुपये की मांग की गई। जब संचालक ने अवैध पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी ने सरेराह गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। भंवरकुआं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रंगदारी और मारपीट का प्रकरण दर्ज किया है।

भंवरकुआं पुलिस के मुताबिक, घटना भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित 99 शॉप वाली गली की है। फरियादी अनिरुद्ध पिता आशीष जोशी निवासी महल कचहरी ने पुलिस को बताया कि वह अपने हॉस्टल के काम से भोलाराम मार्ग पर खड़ा था। फरियादी के मुताबिक, तभी वहां आरोपी मिलन नागर निवासी श्री यंत्र नगर आया और अनिरुद्ध को धमकाते हुए बोला कि 'अगर तुझे भोलाराम उस्ताद मार्ग पर हॉस्टल चलाना है, तो मुझे हर महीने 20 हजार रुपये देने पड़ेंगे।' जब अनिरुद्ध ने यह अवैध राशि देने से साफ मना कर दिया, तो मिलन नागर तैश में आ गया और गालियां देने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी मिलन ने अनिरुद्ध के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। मौके पर मौजूद अनिरुद्ध के दोस्त अर्पित शर्मा ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी उसके साथ भी झूमाझटकी की। भागते समय आरोपी ने धमकी दी कि अगर इस इलाके में रहना है तो रुपये देने ही पड़ेंगे, वरना तुम लोगों को जान से खत्म कर दूंगा।

# बेटे ने पिता को डंडे से पीटा

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक कलयुगी बेटे ने महज मोबाइल फोन इस्तेमाल करने से रोकने पर अपने ही बुजुर्ग पिता पर डंडे से हमला कर दिया। नशे के आदी युवक ने पिता के साथ न केवल गाली-गलौज की, बल्कि उन्हें बुरी तरह पीटा भी। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, 60 वर्षीय फरियादी राजेंद्र शर्मा की शिकायत पर उनके बेटे नंदकिशोर शर्मा (18) के खिलाफ दर्ज किया गया है। राजेंद्र शर्मा ने पुलिस को अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि उनका बेटा शराब पीने का आदी है और घर में अक्सर विवाद करता रहता है। फरियादी के मुताबिक, नंदकिशोर अक्सर पिता का मोबाइल फोन छीन लेता है और देर रात तक उसका इस्तेमाल करता रहता है। 10 मार्च की दोपहर करीब 12:30 बजे जब राजेंद्र ने उसे मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करने और समय बर्बाद न करने की सलाह दी, तो नंदकिशोर भड़क गया। आरोपी बेटे ने पहले तो अपने पिता को गालियां दीं और जब पिता ने विरोध किया, तो उसने पास पड़ा डंडा उठाकर उन पर हमला कर दिया। इस मारपीट में बुजुर्ग राजेंद्र शर्मा के हाथ, पीठ और कमर में गंभीर चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, तब कहीं जाकर आरोपी शांत हुआ।

# पत्नी पर दराते से किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

चंदन नगर थाना क्षेत्र में पारिवारिक कलह के चलते एक पति द्वारा अपनी ही पत्नी पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने घर में रखे दराते से पत्नी पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। शोर सुनकर आए पड़ोसियों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल भिजवाकर आरोपी पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, घटना व्यास नगर स्थित एक मकान की है। यहाँ रहने वाले आरोपी सुभाष उइके का अपनी पत्नी लक्ष्मी उइके से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि सुभाष ने आपा खो दिया और घर में रखे दराते से लक्ष्मी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में लक्ष्मी के शरीर पर गहरे जख्म आए हैं और अत्यधिक खून बह जाने के कारण उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने फरियादी लक्ष्मी की शिकायत पर उसके पति सुभाष उइके के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मकान खाली कराने को लेकर हुआ विवाद, बेटे-बहू सहित तीन पर केस

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में मकान खाली कराने के विवाद में बुजुर्ग के साथ मारपीट और चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बेटे, बहू और उसके पिता के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक जनता क्वार्टर, केरला स्कूल के पास रहने वाले 29 वर्षीय शुभम ख़टीक ने शिकायत दर्ज कराई कि 10 मार्च की सुबह करीब 7 बजे उसका बेटा नितिन जाटव, बहू अंजू जाटव और बहू के पिता राजेश बमलहरे उससे मकान खाली करने को कहने लगे। जब उसने मकान अपना बताते हुए खाली करने से मना किया तो तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विवाद के दौरान अंजू ने चप्पल से मारपीट की, जबकि राजेश ने लात-घूंसों से हमला किया। इसी दौरान नितिन ने चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी दाहिनी जांघ में चोट लग गई। घटना के बाद आरोपियों ने मकान खाली नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हथियार के साथ रील बनाने वाला गिरफ्तार

**इन्दौर।** सोशल मीडिया पर रील बनाकर डॉन बनने का शौक एक और युवक को हवालात तक ले गया। परदेशीपुरा पुलिस ने हथियार के साथ वीडियो बनाकर वायरल करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी फिल्मी स्टाइल में हथियार लहराते हुए खुद को महिमामंडित कर रहा था, लेकिन वीडियो पुलिस की नजर में आते ही उसे दबोच लिया गया। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए आरोपी की पहचान शुभम खटीक निवासी नंद नगर के रूप में हुई है। शुभम ने अपने घर की छत पर एक रील शूट की थी, जिसमें वह हाथ में अवैध हथियार लेकर पुष्पा फिल्म के स्टाइल में उसे घुमाता और गाना गाता हुआ नजर आ रहा था। यह रील जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुई, पुलिस सक्रिय हो गई। साइबर सेल और स्थानीय पुलिस ने वीडियो के बैकग्राउंड और युवक के हुलिए के आधार पर उसकी शिनाख्त की। मंगलवार देर रात घेराबंदी कर पुलिस ने शुभम को उसके ठिकाने से धर दबोचा।

## इलाज के पैसे लेने जाने की बात पर महिला से मारपीट, देवर पर केस

**इंदौर।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में इलाज के लिए नानी के घर जाने की बात पर महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर देवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक हरिजन कॉलोनी निवासी तनू ने बताया कि 10 मार्च की सुबह करीब 4 बजे उसने अपने पति आकाश डागर से कहा था कि वह इलाज के लिए पैसे लेने नानी के घर राजमोहल्ला जा रही है। इस बात पर पति ने वहां जाने से मना किया और कहा कि अगर गई तो वापस मत आना। इसी दौरान देवर अतीश डागर ने महिला से गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने थप्पड़ों से मारपीट की और बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 161000 | 162819 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 268500 | 276146 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप हेतु मप्र टीम की सिलेक्शन ट्रायल



**इंदौर।** इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्यप्रदेश मुख्यालय उज्जैन एवं इंदौर जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन के विशेष सहयोग से आगामी 28 एवं 29 मार्च को इंदौर के बॉस्केटबॉल स्टेडियम में 17वीं सीनियर मेंस एवं विमेंस बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इंदौर शरीर सौष्ठव संघ के रोहित जेठवा ने बताया कि राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सहभागिता करने वाले मध्य प्रदेश के शरीर साधकों की चयन स्पर्धा देवास जिला बॉडीबिल्डिंग संगठन के द्वारा मल्हार मार्तंड सभागृह में देवास में संपन्न हुई। उक्त स्पर्धा की चयन समिति में पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज राज्य संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह, राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके, (उज्जैन) इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन के संयुक्त सचिव एवं मध्य प्रदेश के महासचिव अतिन तिवारी, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक रोहित जेठवा, अकबर शेख अज्जू देवास थे। स्पर्धा का शुभारंभ देवास नगर पालिका के पार्षद विकास जाट , चंद्रपाल सिंह सोलंकी ने किया । राष्ट्रीय स्पर्धा हेतु मध्य प्रदेश की ए टीम में जेताराम नायक ,युवराज वर्मा , राहुल नरवरिया (इंदौर), उदय सिंह चौहान (विदिशा), सौरभ देवनाथ (नर्मदा पुरम), कमलेश चांगल, शोएब मोहम्मद (उज्जैन), मुश्ताक (नीमच), अक्षय यादव(इंदौर), बनवारी लाल गुर्जर (ग्वालियर), निर्मल कुमार सरयाम (बालाघाट )चयनित किए गए।

मध्य प्रदेश बी टीम में मेघ श्याम धुरी (भोपाल ),विष्णु कावरे(बालाघाट) ,विशाल तोमर (भोपाल), रूपेश सिंह ठाकुर(देवास), प्रमोद रघुवंशी (विदिशा), आवेश चौधरी (इंदौर), प्रदीप ठाकुर (देवास), विवेक रघुवंशी (गुना), हाशिम अली (भोपाल), शैलेंद्रशुक्ला (सतना), अनमोल तिवारी (जबलपुर) चयनित किए गए । चयनित होने पर इंदौर संघ के दिनेश पालीवाल, समीर व्यास, संजय कराडे, दीपक राठौर आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सिलेक्शन ट्रायल आयोजित करने पर रेहान शेख का विशिष्ट खेल अभिनंदन किया गया।

# संजू ने उन्हें विवियन रिचर्ड्स और महेला जयवर्धने की याद दिला दी : गावस्कर



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के हीरो संजू सैमसन की तारीफ में बड़ी बात कह दी है। वह दाएं हाथ के इस बल्लेबाज से इतने प्रभावित हैं कि उन्होंने कहा है कि संजू ने उन्हें विवियन रिचर्ड्स और महेला जयवर्धने की याद दिला दी है।

महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के हीरो संजू सैमसन की तारीफ में बड़ी बात कह दी है। वह दाएं हाथ के इस बल्लेबाज से इतने प्रभावित हैं कि उन्होंने कहा है कि संजू ने उन्हें विवियन रिचर्ड्स और महेला जयवर्धने की याद दिला दी है। संजू सैमसन की टी20 विश्व कप में भारत के प्लेइंग इलेवन तक में जगह पक्की नहीं लग रही थी लेकिन अब उनका नाम हर क्रिकेटप्रेमी की जुबान पर है। वह सिर्फ 5 ही मैच खेले लेकिन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे। वेस्टइंडीज के खिलाफ 'करो या मरो' वाले मुकाबले में उन्होंने नाबाद 97 रन बनाकर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाया। फिर सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन की धाकड़ पारी खेली। उसके बाद फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी 89 रनों की धुआंधार पारी खेली। 3 लगातार मैचों में अर्धशतक। वर्चुअल क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल में शतक। वह भारत की तरफ से किसी एक टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए।

संजू सैमसन के इसी धाकड़ खेल के कायल लिटल मास्टर सुनील गावस्कर हो चुके हैं। उन्होंने कहा, क्रिकेट के सबसे बड़े फॉर्मेट टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी की शुद्धता आमतौर पर एक गुण होती है औ? कभी-कभार 50 ओवर के खेल में भी ऐसा होता है लेकिन खेल के सबसे छोटे फॉर्मेट में तो मुश्किल से ही कभी होता है। सैमसन ने अपनी सभी तीनों अर्धशतकीय पारियों में क्लासिकल क्रिकेट शॉट ही खेले। हाल के समय की कुछ सबसे बेहतरीन पुल और हुक खेले। जोफ्रा आर्चर की खतरनाक स्पीड के खिलाफ उनका पुल मुझे विव रिचर्ड्स की याद दिलाता है। हालांकि उनकी ज्यादातर बल्लेबाजी श्रीलंका के स्टाइलिस्ट महेला जयवर्धने जैसी थी।

# विमल प्रजापत का चयन

**इंदौर।** हरियाणा के भिवानी में 14-15 मार्च को आयोजित होने वाली 5वीं नेशनल मास्टर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए इंदौर के विमल प्रजापत का चयन हुआ है। विमल प्रजापत वेटलिफ्टिंग के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इसके साथ ही वे वेटलिफ्टिंग के राष्ट्रीय निर्णायक (नेशनल रेफरी) भी हैं। इस उपलब्धि पर विधायक रमेश मेंदोला, सदाशिव जोशी, डॉ. शरद नागर, दविंदर सिंह खनूजा, दिनेश पालीवाल नरेंद्र पाटीदार, शैलेन्द्र जोशी, धर्मेन्द्र पालीवाल, सुमित पालीवाल, मनीष पालीवाल, विकास जोशी, जितेन्द्र स्वामी एवं चिराग जोशी ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



# डेली कॉलेज में कई आधुनिक स्पोर्ट्स फैसिलिटीज का शुभारंभ

**इंदौर।** डेली कॉलेज में मंगलवार को इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की कई आधुनिक स्पोर्ट्स फैसिलिटीज का उद्घाटन किया गया। लगभग 155 वर्षों की समृद्ध परंपरा वाले इस ऐतिहासिक संस्थान में तैयार की गई ये नई सुविधाएं न केवल डेली कॉलेज बल्कि पूरे इंदौर और सेंट्रल इंडिया के स्पोर्ट्स इकोसिस्टम के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही हैं।

नई सुविधाओं में वर्ल्ड एथलेटिक्स क्लास-2 सर्टिफाइड एथलेटिक्स ट्रैक, अपग्रेडेड फैंशॉ हॉकी एस्ट्रोटर्फ, सात इंटरनेशनल स्टैंडर्ड बास्केटबॉल कोर्ट और पूरी तरह मॉडर्नाइज्ड मेन डाइनिंग हॉल किचन शामिल हैं।

डेली कॉलेज बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के चेयरमैन विक्रम सिंह पुआर ने कहा कि इन नई सुविधाओं का विकास संस्थान को अगले स्तर तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए डेली कॉलेज की प्रिंसिपल गुनमीत बिंद्रा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कॉलेज ने एकेडेमिक्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्पोर्ट्स के क्षेत्र में लगातार प्रगति की है। उद्घाटन समारोह में देश के कई प्रतिष्ठित खिलाड़ी और ओलंपियन मौजूद रहे। इनमें हॉकी ओलंपियन अशोक ध्यानचंद, अजीतपाल सिंह, महबूब खान, जफर इकबाल, विवेक सागर प्रसाद, समीर दाद, सैयद खुर्शीद अली, असलम शेर खान, मीर रंजन नेगी और रोमियो जेम्स शामिल रहे। इसके अलावा ओलंपियन एथलीट बहादुर प्रसाद सिंह और गुरप्रीत सिंह तथा पूर्व राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी राम कुमार गहलावत भी समारोह में उपस्थित रहे और उन्होंने विभिन्न खेल सुविधाओं का उद्घाटन किया।



# न्यूजीलैंड की टी-20 टीम में टॉम लैथम की वापसी

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ घर पर खेली जाने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की टीम का ऐलान हो गया है। इस टीम के पहले तीन मैचों में कप्तानी मिचेल सैंटनर करेंगे और फिर टॉम लैथम कमान संभालेंगे।

न्यूजीलैंड की टी20 टीम में दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम लैथम की वापसी हो गई है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ घर पर खेली जाने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने टीम का ऐलान कर दिया है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए टीम में शामिल रहे कई खिलाड़ियों को मौका दिया है, लेकिन कुछ को टीम में जगह नहीं दी गई है। तीन नए खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया गया है। रविवार 15 मार्च से माउंट मॉन्गानुई में इस सीरीज की शुरुआत हो रही है।

अप्रैल 2023 में आखिरी बार टॉम लैथम ने टी20 इंटरनेशनल मैच खेला था। लैथम ने सुपर स्मैश में कैंटरबरी के लिए दमदार खेल दिखाया और वे टॉप स्कोरर रहे। इतना ही नहीं, पहले तीन मैचों में मिचेल सैंटनर कप्तान होंगे, जबकि आखिरी दो मैचों में न्यूजीलैंड की टीम की कप्तानी टॉम लैथम ही करेंगे। सिलेक्टर गेविन लार्सन ने कहा, टॉम का सिलेक्शन किंग्स के लिए टॉप ऑर्डर में एक मजबूत सुपर स्मैश सीजन के बाद हुआ है। वह अपनी सारी क्वालिटी और एक्सपीरियंस लाएंगे, लेकिन उसकी लीडरशिप भी उतनी ही जरूरी है, जिसका इस्तेमाल हम अप्रैल में बांग्लादेश के आने वाले व्हाइट-बॉल टूर में भी कर सकते हैं।

मिचेल सैंटनर हाल ही में खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप के लिए न्यूजीलैंड की टीम के उन आठ सदस्यों में शामिल हैं, जिन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने के लिए चुना गया है। डेवोन कॉनवे और लॉकी फर्ग्यूसन रवाना होने से पहले पहले तीन मैचों के लिए सैंटनर के साथ जुड़ेंगे, जबकि काइल जैमीसन, कोल मैककॉन्ची, जिमी नीशम, बेन सियर्स और ईश सोढ़ी पूरी सीरीज के लिए उपलब्ध होंगे। कई खिलाड़ियों का वर्कलोड मैनेज किया जाना है, क्योंकि एक महीने तक वे टी20 विश्व कप में खेले और उससे पहले भारत में पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेले थे।

# दो साल, 6 आईसीसी ट्रॉफी, भारतीय क्रिकेट की रही धूम

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 को टीम इंडिया ने जीतकर भारतीय क्रिकेट लगातार दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर अपना दबदबा बना रहा है। पिछले कुछ सालों में टीम इंडिया ने सिर्फ पुरुष क्रिकेट में ही नहीं, बल्कि महिला क्रिकेट और जूनियर स्तर के क्रिकेट में भी अपनी धाक जमाते हुए आईसीसी ट्रॉफियों पर कब्जा जमाया है। इस मामले में फिलहाल भारत की बराबरी दुनिया की कोई क्रिकेट टीम नहीं कर पा रही है। बीते दो सालों में टीम इंडिया ने 6 आईसीसी ट्रॉफी जीतकर दिखाया है कि भारतीय क्रिकेट का भविष्य बेहद सुनहरा है। यही वजह है कि भारत को सिर्फ क्रिकेट का आर्थिक केंद्र माना जा रहा है और वो वर्ल्ड क्रिकेट की सबसे बड़ी ताकत के रूप में उभरकर सामने आ रहा है।



## पिछले दो साल में जीती 6 आईसीसी ट्रॉफी

भारत ने लगभग दो साल के अंदर कुल 6 आईसीसी ट्रॉफी जीते हैं। रोहित शर्मा की कप्तानी में पुरुष क्रिकेट टीम ने 2024 का टी20 वर्ल्ड कप जीता था, फिर उन्हीं की अगुवाई में 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी भी अपने नाम की थी। टीम इंडिया ने बीते 8 मार्च को सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में 2026 का टी20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया है। पुरुष क्रिकेट टीम की तरह महिला टीम ने भी 2025 में वनडे वर्ल्ड कप जीता। इसके अलावा भारत की पुरुष और महिला अंडर19 टीमों ने भी अपना जलवा दिखाया है। 2025 में महिला टीम ने अंडर19 टी20 वर्ल्ड कप जीता, जबकि 2026 में अंडर19 पुरुष टीम ने भी वर्ल्ड कप की ट्रॉफी अपने नाम किया।

टीम इंडिया ने 2024 का टी20 वर्ल्ड कप जीतकर लंबे इंतजार के बाद खिताब अपने नाम किया था। साल 2025 की चैंपियंस ट्रॉफी को जीतकर भारत ने साबित किया था कि ये सफलता संयोग नहीं थी। इसके बाद 2026 का टी20 वर्ल्ड कप जीतकर भारत ने इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बन गई और साथ ही ट्रॉफी डिफेंड करने वाली भी पहली टीम बन गई है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय सीनियर महिला टीम ने नवंबर 2025 में वनडे वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा था। महिला टीम ने पहली बार वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी उठाई थी।

# स्मृति मंधाना वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

## कप्तान हरमनप्रीत कौर हैं इस पायदान पर

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी हुई इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी की महिलाओं की वनडे बैटिंग रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई हैं। स्मृति के अलावा भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। कप्तान हरमन का नाम रैंकिंग में 8वें स्थान पर है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भारत की 0-3 से शिकस्त के बाद जेमिमा रोड्रिग्स एक पायदान नीचे 12वें स्थान पर खिसक गईं। न्यूजीलैंड की सफेद गेंद की कई स्टार खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ है। न्यूजीलैंड की टीम शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने स्वदेश में तीन मैच की एकदिवसीय सीरीज में जिम्बाब्वे पर 2-0 की विजयी बढ़त बना ली है और इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि नई कप्तान मेली केर बल्ले और गेंद दोनों से अगुआई कर रही हैं।

केर ने सीरीज के शुरुआती मैच में चार विकेट लिए और फिर डुनेडिन में दूसरे मैच में शानदार सात विकेट लेकर इसे और बेहतर किया। वह महिलाओं के एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में सात या उससे अधिक विकेट लेने



वाली कुल सातवीं खिलाड़ी बनीं। इस प्रदर्शन की बदौलत केर एकदिवसीय गेंदबाजों की सूची में पांच पायदान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर हैं। यह 25 साल की प्रतिभावान खिलाड़ी ऑलराउंडर की सूची में भी एक पायदान के फायदे से पांचवें नंबर पर है। न्यूजीलैंड की ब्रुक हैलीडे (आठ पायदान ऊपर 11वें स्थान पर) और मैडी ग्रीन (चार पायदान ऊपर 22वें स्थान पर) ने भी बल्लेबाजों की सूची में छलांग लगाई है। हैलीडे ने सीरीज के पहले मैच में 117 गेंद पर नाबाद 157 रन बनाए जबकि ग्रीन ने उसी मैच में 67 रन बनाए और दूसरे मैच में नाबाद 27 रन का योगदान दिया।

वेस्टइंडीज की श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में तीन मैच की सीरीज में बाएं हाथ की बल्लेबाज हसिनी परेरा ने सेंट जॉर्ज में तीसरे और आखिरी मैच में नाबाद अर्धशतक लगाकर श्रीलंका को टी20 सीरीज जिताने में मदद की और इस सलामी बल्लेबाजी को नवीनतम बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। हसिनी 15 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 28वें पायदान पर हैं। इमेशा दुलानी (17 स्थान के फायदे से 72वें नंबर पर) को भी बल्लेबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है जबकि उनकी हमवतन कविशा दिलहारी को गेंदबाजी रैंकिंग (तीन स्थान ऊपर चढ़कर 21वें पायदान पर) और ऑलराउंडर रैंकिंग (दो स्थान के फायदे से 11वें नंबर पर) में फायदा हुआ है। वेस्टइंडीज की एफी फ्लेचर सीरीज के आखिरी दो मैच में तीन विकेट लेने के बाद गेंदबाजों की सूची में चार स्थान ऊपर चढ़कर सातवें पायदान पर हैं।

## अर्शदीप पर आईसीसी ने लिया तगड़ा एक्शन

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) का चाबुक चला है। आईसीसी ने अर्शदीप सिंह पर जुर्माना लगाया है। न्यूजीलैंड के साथ भारत के खेले गए टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में रविवार को अर्शदीप और मिचेल की झड़प हुई थी। इस विवाद को लेकर आईसीसी ने अर्शदीप को आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन का जिम्मेदार माना।

अर्शदीप पर आईसीसी ने मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया। अर्शदीप सिंह को आईसीसी आचार संहिता के आर्टिकल 2.9 का दोषी पाया गया। यह नियम अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी की ओर या उसके पास गेंद या क्रिकेट उपकरण को अनुचित या खतरनाक तरीके से फेंकने से जुड़ा है। जुर्माने के अलावा अर्शदीप सिंह के अनुशासन रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया है। पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला ऐसा उल्लंघन है। यह घटना न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में हुई। उस समय अर्शदीप ने गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज डेरिल मिचेल की ओर तेज़ी से थ्रो कर दिया, जो जाकर उनके पैड पर लग गई। हालांकि इस मामले में औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि भारतीय गेंदबाज ने मैच रेफरी द्वारा दी गई सजा को स्वीकार कर लिया। ओवर खत्म होने के बाद डेरिल मिचेल और अर्शदीप सिंह को हाथ मिलाते हुए भी देखा गया।

# पिता के निधन के बाद भी डटे रहे रिंकू

## मंगेतर प्रिया ने लिखी दिल छू लेने वाली बात

**लखनऊ ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत की ऐतिहासिक जीत के बीच एक कहानी ऐसी भी सामने आई जिसने फैंस को भावुक कर दिया। यह कहानी है भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह की, जिन्होंने निजी जिंदगी के सबसे मुश्किल समय में भी टीम के लिए जिम्मेदारी निभाई।

टीम इंडिया की जीत का जश्न पूरे देश में मनाया जा रहा है, लेकिन इस जीत के पीछे रिंकू सिंह की हिम्मत और जज्बे की भी खूब चर्चा हो रही है। टूर्नामेंट के दौरान उनके पिता का निधन हो गया था, फिर भी उन्होंने टीम के साथ बने रहने का फैसला किया।

### मंगेतर प्रिया सरोज का भावुक संदेश

रिंकू सिंह की मंगेतर और सांसद प्रिया सरोज ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। उन्होंने रिंकू की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, कुछ दिन सिर्फ कैलेंडर में लिखे जाते हैं, लेकिन 8 मार्च 2026 जैसे दिन इतिहास में हमेशा के लिए दर्ज हो जाते हैं। यह वही दिन है जब भारत ने टी20 वर्ल्डकप 2026 की ट्रॉफी उठाई और हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। यह गौरव का ऐसा पल



है, जिसे देश आने वाली कई पीढ़ियों तक याद रखेगा और जश्न मनाएगा। उनके इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर हजारों लोगों ने शेयर किया और रिंकू के जज्बे की सराहना की।

### जल्द शादी के बंधन में बंध सकता है यह जोड़ा

बीत साल ही रिंकू सिंह और प्रिया सरोज ने एक निजी कार्यक्रम में सगाई कर अपने रिश्ते की शुरुआत की थी। रिपोर्ट्स के अनुसार दोनों जल्द ही शादी भी करने वाले हैं। माना जा रहा है कि आईपीएल 2026 के बाद यह जोड़ा शादी कर सकता है। भले ही इस विश्व कप में रिंकू सिंह का प्रदर्शन आंकड़ों में ज्यादा बड़ा नहीं दिखता, लेकिन टीम की ऐतिहासिक जीत के बीच उनकी यह कहानी फैंस के दिलों को छू गई। उनके जज्बे ने यह साबित कर दिया कि असली ताकत मुश्किल समय में भी आगे बढ़ते रहने में होती है।

## सड़कों पर विक्ट्री परेड निकालने की तैयारी

**मुंबई ।** टी20 वर्ल्डकप 2026 जीतने के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया। अब क्रिकेट फैंस की नजर उस पल पर है जब चैंपियन टीम मुंबई की सड़कों पर विक्ट्री परेड करेगी। हालांकि बीसीसीआई की ओर से अभी आधिकारिक तारीख का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन तैयारियां शुरू होने की चर्चा है। माना जा रहा है कि टीम इंडिया की विक्ट्री परेड 11 या 12 मार्च के आसपास आयोजित हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारतीय खिलाड़ी सबसे पहले दिल्ली जाएंगे। वहां वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं। यह मुलाकात प्रधानमंत्री के आवास पर होने की संभावना है। फाइनल में भारत की जीत के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने भी टीम को बधाई दी थी और इस जीत को देश के लिए गर्व का पल बताया था।

# बचपन की दोस्त संग सात फेरे लेंगे कुलदीप यादव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम की ऐतिहासिक टी20 वर्ल्ड कप जीत के बाद कुलदीप यादव व्यक्तिगत जीवन में एक नया कदम आगे बढ़ाने जा रहे हैं। कुलदीप ने पिछले साल अपनी बचपन की दोस्त, वांशिका चड्ढा से सगाई की थी और अब दोनों बहुत जल्द शादी रचाने वाले हैं।

भारत के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव 14 मार्च को मसूरी में वंशिका संग शादी रचाने वाले हैं। शादी की तैयारियां जोरों पर हैं और कुलदीप यादव के कोच रह चुके



कपिल पांडे ने पुष्टि करके बताया कि कुलदीप 14 मार्च के दिन मसूरी के एक रिज़ॉर्ट में शादी करने जा रहे हैं। 12 मार्च को हल्दी की रस्म होगी और अगले दिन अन्य रस्में पूरी की जाएंगी।

14 मार्च को शादी के तीन दिन बाद लखनऊ के सेन्ट्रम होटल में ग्रैंड रिसेप्शन होने वाला है। आपको याद दिला दें कि पिछले साल 4 जून को सगाई के बाद कुलदीप क्रिकेट शेड्यूल में व्यस्त थे, इसलिए शादी की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया था। आपको याद दिला दें कि कुलदीप यादव को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सिर्फ एक मैच खेलने का अवसर मिला। पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप स्टेज मैच में उन्होंने 3 ओवरों में सिर्फ 14 रन दिए और एक विकेट भी लिया था।

# दोस्ती की आड़ में दरिंदगी..युवती के अश्लील फोटो-वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक आरोपी ने पहले युवती से दोस्ती की और फिर सूने घर का फायदा उठाकर उसके साथ जबरदस्ती की। इतना ही नहीं, आरोपी ने युवती के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी बना लिए, जिनके आधार पर वह उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक 26 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी लोकेश मुरैरा निवासी राजीव आवास योजना, स्कीम नंबर-114 के खिलाफ दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि लोकेश से उसकी पुरानी जान-पहचान थी और उसका पीड़िता के घर आना-जाना भी था। घटना अक्टूबर 2025 की बताई जा रही है। पीड़िता के मुताबिक, लोकेश उसे कॉलेज से अपने घर ले गया था। उस समय घर में कोई नहीं था, जिसका फायदा उठाकर उसने युवती की इच्छा के विरुद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने चोरी-छिपे युवती के न्यूड फोटो और वीडियो भी बना लिए। वारदात के बाद आरोपी इन फोटो-वीडियो के जरिए पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा। वह युवती पर शादी करने का दबाव बनाने लगा और विरोध करने पर उसके साथ कई बार मारपीट भी की। पीड़िता का आरोप है कि लोकेश ने धमकी दी थी कि अगर उसने उसकी बात नहीं मानी, तो वह फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा और उसके भाई को जान से मार देगा। पीड़िता ने हिम्मत जुटाई और पुलिस की शरण ली।

# शादी का झांसा देकर बनाया हवस का शिकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

जूनी इंदौर और भंवरकुआं थाना क्षेत्रों में पीड़िताओं से यौन शोषण के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दोनों ही घटनाओं में आरोपियों ने पहले दोस्ती की, फिर शादी का झूठा वादा कर शारीरिक संबंध बनाए और अंत में शादी से मुकर गए।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में 27 वर्षीय पीड़िता ने छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ निवासी अक्षत तिवारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, अक्षत से उसकी दोस्ती सोशल मीडिया के जरिए हुई थी।अक्टूबर 2025 में अक्षत इंदौर आया और सूर्या प्लाजा स्थित युवती के फ्लैट पर पहुँचा। वहां उसने मंगलसूत्र, वरमाला और सिंदूर भरकर शादी करने का नाटक किया और पति-पत्नी की तरह रहने का भरोसा दिलाया।इस दिखावटी शादी के झांसे में आकर युवती उसके साथ रहने लगी, जिसका फायदा उठाकर अक्षत ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।जब युवती ने सामाजिक और विधिवत रूप से शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया और उसे छोड़कर भाग गया। वहीं, भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एक 20 वर्षीय छात्रा ने अपने ही कॉलेज के दोस्त दिनेश आर्य पर गंभीर आरोप लगाए हैं।पीड़िता ने बताया कि कॉलेज की पढ़ाई के दौरान उसकी दोस्ती दिनेश से हुई थी। दिनेश ने उसे शादी का सपना दिखाया और उसे अपने साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के लिए राजी कर लिया।काफी समय तक साथ रहने और शारीरिक संबंध बनाने के बाद जब युवती ने शादी की बात छेड़ी, तो दिनेश ने अपना असली रंग दिखा दिया। उसने शादी करने से मना कर दिया और युवती का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर अपने घर चला गया।

# सगाई के बाद शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म आरोपी ने भोपाल जाकर विवाह से किया इनकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ विश्वासघात और शारीरिक शोषण का मामला सामने आया है। सगाई होने के बाद आरोपी ने शादी का भरोसा दिलाकर युवती के साथ कई बार दुष्कर्म किया और बाद में शादी से साफ मुकर गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर भोपाल निवासी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, 26 वर्षीय पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी सगाई परिजनों की सहमति से आरोपी त्रिवेंद्र राही निवासी भोपाल के साथ तय हुई थी। दोनों परिवारों में शादी की तैयारियां चल रही थीं और जल्द ही विवाह होने वाला था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 3 से 11 फरवरी के बीच त्रिवेंद्र इंदौर आया था और उसके घर पर ही रुका था। इस दौरान उसने जल्द शादी करने का झांसा दिया और पीड़िता की मर्जी के खिलाफ उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। चूंकि सगाई हो चुकी थी, इसलिए पीड़िता ने उस पर भरोसा कर लिया। विश्वासघात तब सामने आया जब आरोपी इंदौर से वापस भोपाल पहुँचा। पीड़िता का आरोप है कि वहां जाने के बाद त्रिवेंद्र के व्यवहार में बदलाव आ गया। जब शादी की तारीख और रस्मों को लेकर चर्चा हुई, तो आरोपी ने अपने पिता के सामने ही पीड़िता से शादी करने से साफ इनकार कर दिया।

# नशे में घर में घुसकर युवती से की छेड़छाड़, बहन को जबरन उठा ले गया आरोपी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हीरानगर थाना क्षेत्र में नशे में धुत युवक द्वारा घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ और उसकी बहन को जबरन साथ ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय पीड़िता ने बताया कि उसकी बड़ी बहन का दोस्त मोहित चौहान निवासी स्वास्थ्य नगर, कर्णावत होटल के पास 9 मार्च की रात करीब 9:30 बजे शराब के नशे में उनके घर पहुंचा। आरोपी ने युवती से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज करते हुए झूमाझटकी शुरू कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने आए भाई के साथ भी मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद मोहित जबरन पीड़िता की बहन का हाथ पकड़कर उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर अपने घर ले गया, जहां उसके साथ मारपीट की और शादी के लिए दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एमपीईबी कर्मचारी ने जहर खाया, मौत

**इन्दौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र स्थित नाग मंदिर परिसर में एक युवक द्वारा जहर खाकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक एमपीईबी में कार्यरत था। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मृतक की पहचान गौरव पिता राजेंद्र (37), निवासी बड़ी ग्वाल टोली के रूप में हुई है। वह कल तिलक नगर स्थित नाग मंदिर पहुँचा था जहाँ उसने अज्ञात विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया। मंदिर परिसर में युवक को बेसुध हालत में देख लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी, गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों से मिली प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, गौरव मध्य प्रदेश विद्युत मंडल में कार्यरत था। वह स्वभाव से कैसा था और पिछले कुछ दिनों से किसी तनाव में था या नहीं, पुलिस इस बिंदु पर जांच कर रही है। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

# 18 जुआरी से 13 लाख रु. किए जब्त 30 मोबाइल और 2 कार भी मिली

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



इंदौर जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के आवलीपुरा फार्महाऊस पर जुआ खेला जा रहा था। पुलिस के मुखबिर ने सूचना दी उसी के आधार पर पुलिस ने दबीश देकर वहां जुआ खेल रह 18 जुआरियों को पकड़ा, लेकिन फायदा उठाकर 6 जुआरी फरार हो गए। कार्रवाई में साढ़े 13 लाख रु. के साथ 30 मोबाइल और दो कार भी पुलिस ने जब्त की। बताया जा रहा है कि 24 जुआरी जुआ खेल रहे थे। इनमें से 6 फरार हुए उनकी जानकारी भी पुलिस जुटा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई में बड़गोंदा और इंदौर की पुलिस भी शामिल हुई क्योंकि यह ग्रुप हमेशा अलग-अलग स्थान परिवर्तित कर बड़ा जुआ खेलता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहले भी देवास, धार, इंदौर के फार्महाऊस और होटल में यह ग्रुप जुआ खेलनें का काम कर चुका है। मानपुर थाना के उपनिरीक्षक मिथुन ओसारी के मुताबिक आरोपी अलिया उर्फ आलाउद्दीन पिता पीरमोहम्मद निवासी ग्राम बाजार चौक मनावर, विजय पिता राजमल मोदी निवासी चोपाटी रोड सदर बाजार कानवन जिला धार, आशिक पिता चुन्नू खान निवासी मोमीनपुरा महेश्वर, ओमप्रकाश पिता जगदीश राठौड़ निवासी श्रीकृष्ण एवेन्यू तेजाजी नगर इंदौर, दीनदयाल पिता बलराम जायसवाल निवासी रविदास मार्ग बदनावर, राहुल पिता प्रदीप जैन शांतिनेकतन बड़नगर जिला उज्जैन, राहुल पिता सरदामल ओरा जैन निवासी शिवाजी मार्ग बड़नगर, स्वप्निल पिता सुरेश डुंगरवाल निवासी गायत्री कालोनी कुक्षी जिला धार, नीतेश पिता हुकुमचंद बंसल निवासी बस स्टैण्ड अंजड़ जिला बड़वानी, नवीन पिता लक्ष्मण पाटीदार निवासी भक्तिनगर राजकोट गुजरात जो अभी जोबट थाना क्षेत्र में रह रहा था, मनीष पिता बसंतीलाल वाणी विनोबा मार्ग जोबट, अभिषेक पिता नन्दकिशोर सरसोरे निवासी गणेश घाट खारी बावड़ी बड़नगर जिला उज्जैन, अखिलेश पिता बालकृष्ण जंवर निवासी सदर बाजार बाग जिला धार, धीरज पिता गजानन्द कर्मा निवासी नाहर कालोनी शाहपुरा गोगावा जिला खरगोन, राकेश पिता कालूजी चौधरी निवासी ग्राम रातीमाली झाबुआ, बृजसिंह पिता हिन्दूसिंह यादव निवासी बीएनपी मेन गेट जिला देवास, रवि पिता शिवनारायण चौधरी ग्राम सिरोलिया थाना बारोठा जिला देवास, सागर पिता गोपाल सेन निवासी ग्राम अमोदिया थाना राजगढ़ बताया गया। पुलिस मानपुर ने बताया कि जो 5 आरोपी फरार हुए उसमें प्रमुख जगदीश राठौर उर्फ अंकल उर्फ कूबड़ा निवासी राजगढ़ जिला धार प्रमुख है। वहीं गोपाल निवासी लिम्बोदी इन्दौर, पप्पू धोबी निवासी राजगढ़, आशीष जैन नवासी बखतगढ़ बदनावर जिला धार और फार्म हाऊस का केयर टेकर रंजीत जाट निवासी रामपुरिया मानपुर को पुलिस ढूंढ रही है। पुलिस का कहना है कि अभी 25 मोबाइल जब्त हुए और 5 फरार आरोपियों के पास भी 5 मोबाइल थे उन्हें भी जब्त किया जाएगा इस तरह 30 मोबाइल, 2 कार स्विफ्ट डिजायर एमपी-09 डब्ल्यूडी 1950 और हुण्डी ओरा कार एमपी-09 एपी 0487 को भी जब्त किया गया है। पुलिस ने 13 लाख 67 हजार 971 रु. जब्त होने की पुष्टि भी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी है। इस बंगले पर इस बात पर अंगुलियां उठ रही है कि यह बंगला किसी वरिष्ठ अधिकारी का बताया जा रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।